NNI
हर खबर पर पक्की नजर

मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया

सत्यता व निष्पक्षता का पंचम वर्ष

www.nnindianews.com

वर्ष :05, अंक :–39, पृष्ठ : 12 | गुरुवार, 14 अगस्त, 2025 | मूल्य– 03.00 रुपये मात्र

NNI
हर खबर पर पक्की नजर

## मेरा देश मेरी पहचान

मेरे देश जैसी ना जमीन, ना कोई आसमान

न्यूज नैक्स्ट इण्डिया का अरमान

एक थाली में खाए हिन्दुस्तान

# कुटुंब भोज

एक सलाम कलमकारों के नाम

**दिनांक : 15 अगस्त 2025, दिन : शनिवार, समय : 1 से 4**

**: स्थान :**

**न्यूज नैक्स्ट इण्डिया, वैष्णो प्लाजा, सैक्टर-४ पुलिस चौकी, आवास विकास कॉलोनी, आगरा।**

HOTEL PALM GALAXY PG
रिवाज निरंतर प्रवाहना...
परिश्रम BADMINTON ACADEMY
IndianOil GANGA GAS DISTRIBUTOR
IndianOil THAPAR GAS SERVICE
IndianOil DHEERAJ GAS SERVICE
SERVI EVENTS & WEDDING PLANNER
K. B. Jewellers & Sons सोने व हीरे एवं कुन्दन के आभूषण

# हिमाचल में बादल फटा, यूपी में स्कूल बंद

**नई दिल्ली।** देश के उत्तरी इलाकों में मानसून एक बार फिर एक्टिव हो गया है। हिमाचल प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों में बुधवार रात भारी बारिश हुई। कोटखाई के खलटूनाला की पहाड़ियों में सुबह 3 बजे बादल फटने से नाले में मलबा आ गया। इससे तराई में बना पेट्रोल पंप और 6 से ज्यादा गाड़ियां दब गईं। पंप पर काम करने वाले कर्मचारियों ने भागकर जान बचाई।

हिमाचल प्रदेश के कुल्लू और शिमला में बुधवार शाम को भी 4 जगह बादल फटे। कुल्लू के श्रीखंड और तीर्थन वैली, शिमला जिला के फाचा के नांटी गांव और काशापाठ में बादल फटने के बाद नदी-नालों में बाढ़ आ गई।

अचानक आई बाढ़ में फंसे 4 लोगों को सेना ने रेस्क्यू किया। इन लोगों को पूह मिलिट्री कैंप में ले जाया गया। भारी बारिश के कारण ऊना, कुल्लू के बंजार सब डिवीजन, शिमला के जुब्बल और मंडी के थुनाग में स्कूलों की छुट्टी कर दी गई है। हिमाचल आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के मुताबिक, पिछले 24 घंटों में बारिश और उससे जुड़ी घटनाओं में 323 सड़कें बंद हो गईं हैं। मौसम विभाग ने गुरुवार को तेलंगाना में बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। वहीं, वढ-टढ समेत 11 राज्यों में ऑरेंज और राजस्थान-बिहार समेत 21 राज्यों में यलो अलर्ट है। राजधानी में इस बार स्वतंत्रता दिवस बारिश की फुहारों के बीच मनेगा। ऐसे में मौसम खुशनुमा रहेगा। मौसम विभाग ने दिनभर बादल छाने, बिजली चमकने और हल्की से मध्यम बारिश होने के आसार जताए हैं।





इससे पहले, मंगलवार को दिल्ली के कई इलाकों में भारी बारिश हुई। मिंटो ब्रिज, विजय चौक, मोती बाग फ्लाईओवर, रफी मार्ग और निजामुद्दीन फ्लाईओवर सहित कई इलाकों में तेज बारिश हुई।भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, पूवार्नुमान में बारिश के साथ आंधी-तूफान की बात कही गई थी। अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है।

मौसम विभाग का कहना है कि बृहस्पतिवार से मानसूनी बारिश पश्चिमी यूपी का रुख करेगी। पश्चिमी यूपी के सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर और बिजनौर में बृहस्पतिवार के लिए भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं 19 अन्य जिलों में बारिश का यलो अलर्ट है। साथ ही 36 जिलों में गरज-चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी है।

बुधवार को तराई के महाराजगंज, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर व आसपास के इलाकों में कहीं मध्यम तो कहीं भारी बारिश हुई। सिद्धार्थ नगर में सर्वाधिक 77 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र अमौसी के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह का कहना है कि बुधवार पूर्वी यूपी और तराई में बारिश के बाद पश्चिमी यूपी में 14 व 15 अगस्त को अच्छी बारिश के संकेत हैं।

**कक्षा 12 तक स्कूलों की बंदी**

बुधवार की देर रात हुई भारी बारिश के चहते लखनऊ शहर के स्कूलों को बंद कर दिया गया। सरकारी प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलों में पहले ही 14 अगस्त को चेहल्लुम का अवकाश घोषित है। लखनऊ जिलाधिकारी विशाख जी द्वारा जारी आदेश में एक से लेकर 12वीं तक के सभी स्कूलों को बंद करने का आदेश दिया गया है। यह आदेश सभी प्रकार के बोर्ड पर लागू करने की बात कही है।

## ट्रम्प ने रूसी राष्ट्रपति पुतिन को चेतावनी दी

# बातचीत के बाद जंग नहीं रोकी तो गंभीर नतीजे भुगतने होंगे

**वाशिंगटन डीसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को यूक्रेन जंग पर चेतावनी दी है। ट्रम्प ने कहा है कि अगर पुतिन शुक्रवार को होने वाली बातचीत के बाद भी जंग खत्म करने पर राजी नहीं होते हैं तो उन्हें गंभीर नतीजे भुगतने पड़ेंगे। उनका यह बयान बुधवार को प्रेस ब्रीफिंग के दौरान आया।

ट्रम्प और पुतिन 15 अगस्त को अलास्का में मिलने वाले हैं। इसका मकसद यूक्रेन में साढे तीन साल से चल रही जंग को खत्म करना है।

ट्रम्प और पुतिन पहली बार अमेरिका की जमीन पर मिलेंगे। रूस ने पहले पुतिन और ट्रम्प की मुलाकात के लिए वअए का सुझाव दिया था। हालांकि बाद में ट्रम्प ने बैठक के लिए अलास्का को चुना।

ट्रम्प ने बुधवार को ही यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की और यूरोपीय नेताओं के साथ वर्चुअल मीटिंग की। इस मीटिंग में ट्रम्प ने कहा कि जंग को खत्म करने के लिए दोनों पक्षों को जमीन की अदला-बदली



करनी पड़ सकती है। इस पर यूरोपीय नेताओं ने ट्रम्प को समझाने की कोशिश की कि 15 अगस्त को उनकी रूसी राष्ट्रपति पुतिन के साथ होने वाली मुलाकात में ऐसा कोई समझौता न हो, जिससे यूक्रेन को नुकसान पहुंचे।

जेलेंस्की ने बैठक के दौरान कहा कि पुतिन धोखा दे रहे हैं। वो यह दिखावा कर रहे हैं कि पश्चिमी देशों के प्रतिबंधों का उन पर कोई असर नहीं पड़ रहा है और ये कारगर नहीं हैं।

इसके बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में डोनबास क्षेत्र की जमीन रूस को सौंपने के सवाल पर जेलेंस्की ने साफ कहा कि वे अपनी जमीन नहीं छोड़ रहे हैं। पहले युद्धविराम होना चाहिए और फिर सुरक्षा की गारंटी मिलनी चाहिए।

**जेलेंस्की बोले- मेरी पोजिशन नहीं बदलेगी**

जेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेन की जमीन के बारे में कोई भी फैसला बिना यूक्रेन की सहमति के नहीं हो सकता। मेरी पोजिशन नहीं बदलेगी। एक दिन पहले भी उन्होंने कहा था कि उनके पास अपनी देश की जमीन छोड़ने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने आगे कहा- पहले युद्धविराम होना चाहिए, फिर मजबूत सुरक्षा गारंटी दी जानी चाहिए। रूस को यूक्रेन के यूरोप या नाटो में शामिल होने की संभावनाओं पर वीटो लगाने का अधिकार नहीं होना चाहिए। जेलेंस्की ने यह भी कहा कि पुतिन शांति नहीं चाहते, वे यूक्रेन पर कब्जा करना चाहते हैं। पुतिन किसी को बेवकूफ नहीं बना सकते।

# कर्नाटक एमएलसी बोले- 2800 कुत्तों को मरवाया

**नई दिल्ली।** कर्नाटक में जनता दल सेक्युलर पार्टी के नेता और एमएलसी एसएल भोजेगौड़ा ने बुधवार को विधान परिषद में कहा कि उन्होंने करीब 2800 कुत्तों को मरवाया है। ऐसा बच्चों की सुरक्षा को देखते किया है। वह इसके लिए जेल जाने को भी तैयार हैं।

भोजेगौड़ा ने मांग की कि सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की जाए। कर्नाटक भारत का पहला राज्य बने, जो सुप्रीम कोर्ट से कुत्तों के खिलाफ



कार्रवाई करने की मांग कर सके। भोजेगौड़ा ने कहा कि हमें भी जानवरों की चिंता है, लेकिन पशु प्रेमी एक और खतरा हैं। आप छोटे बच्चों की पीड़ा देख सकते हैं। इसके बारे में रोज अखबारों में पढ़ते हैं और टीवी में सुनते हैं। भोजेगौड़ा ने पुराने वाकये का जिक्र किया भोजेगौड़ा ने एक पुराने वाकये का जिक्र करते हुए कहा, जब वह चिकमगलूर में नगर निकाय के अध्यक्ष थे। तब उन्होंने मांस में कुछ जहर मिलवाकर लगभग 2800 कुत्तों को खिला दिया था। फिर उन्हें नारियल के पेड़ों के नीचे दफना दिया था।

# यूपी डीजीपी का आदेश- 15 अगस्त-जन्माष्टमी पर हाई अलर्ट पर रहे पुलिस, वीडियोग्राफी हो

**लखनऊ।** यूपी डीजीपी राजीव कृष्ण ने स्वतंत्रता दिवस और जन्माष्टमी पर पुलिस बल को हाई अलर्ट पर रहने का निर्देश दिया है। उन्होंने बुधवार को इस बाबत जारी निर्देश में कहा कि इस दौरान महत्वपूर्ण आयोजनों व कार्यक्रमों जैसे तिरंगा यात्रा, प्रभात फेरी, झांकी आदि को सूचीबद्ध कर सुरक्षा व यातायात व्यवस्था के लिए फोर्स की प्रभावी तैनाती की जाए। एंटी-सैबोटॉज चेकिंग के साथ सभी कार्यक्रम स्थलों पर प्रवेश एवं निकास द्वारों पर विशेष सुरक्षा प्रबंध किए जाएं।

डीजीपी ने निर्देश दिया कि सभी जिलों के प्रवेश द्वारों और रेलवे



स्टेशन, मेट्रो स्टेशन, बस स्टेशन, एयरपोर्ट, सिनेमाहॉल, मल्टीप्लेक्स, मनोरंजन के स्थान, शॉपिंग माल, होटल, धर्मशाला, गेस्ट हाउस, भीड़-भाड़ वाले स्थानों एवं धार्मिक स्थलों पर विशेष सुरक्षा प्रबंध किए जाएं। सभी सीसीटीवी क्रियाशील रखें। माइक्रोलाइट एयर क्राफ्ट, पैराग्लाइडर, हैंगग्लाइडर, ड्रोन एवं अन्य मानव रहित विमानों की उड़ानों पर सतर्क दृष्टि रखी जाए और इनकी उड़ान प्रतिबंधित करें।

प्रतिबंधित संगठनों तथा आतंकवादी संगठनों की गतिविधि पर गहन निगरानी एवं प्रभावी कार्रवाई की जाए। अन्य प्रदेशों के सीमावर्ती जिलों से अवांछनीय तत्वों, संगठनों की गतिविधियों पर सतर्क दृष्टि रखें। जन्माष्टमी से संबंधित सभी आयोजनों में आने वाले श्रद्धालुओं की संभावित संख्या का आंकलन करते हुए सुरक्षा एवं यातायात प्रबंध करें। यह कार्य वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा अपने निर्देशन में किया जाए। शोभायात्रा, जुलूस की वीडियोग्राफी कराई जाए।

स्वामी वीरेन अग्रवाल प्रकाशक विवेक खंडेलवाल मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित। RNI Registration No., UPHIN/2021/88376। प्रधान संपादक अरविन्द सिंह। चेयरमैन-स्वतंत्र कुमार। प्रबंध निदेशक ब्रजेश सिकरवार। E MAIL newsnextindia1@gmail.com, Website:-www.nnindianews.com
(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है)

NNI
हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
www.nnindianews.com
गुरुवार, 14 अगस्त, 2025


# आवारा कुत्तों पर फैसला सुरक्षित

## सुप्रीम कोर्ट में सुनवाईः जस्टिस ने कहा- अधिकारी वह नहीं कर रहे, जो उन्हें करना चाहिए



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने आवारा कुत्तों के मुद्दे पर गुरुवार को सुनवाई की। जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एनवी अंजारिया की स्पेशल बेंच ने सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया है।

सरकार की तरफ से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दलील दी कि यहां कई ऐसे मांसाहारी लोग हैं, जो खुद को मांसाहारी बताते हैं। वहीं, कपिल सिब्बल ने कहा कि मामले का समाधान हो। दिल्ली-एनसीआर से कुत्तों को इकट्ठा कर ऐसे शेल्टर होम भेजें, जो अभी हैं ही नहीं। इससे पहले, सुप्रीम कोर्ट की दो जजों की बेंच ने 11 अगस्त को मामले में फैसला सुनाया था, जिसका बड़े स्तर पर विरोध हो रहा है। बुधवार को चीफ जस्टिस बीआर गवई ने कहा कि कॉन्फ्रेंस ऑफ ह्यूमन राइट्स (इंडिया) एनजीओ की याचिका पर कहा था कि वह खुद इस मामले पर गौर करेंगे। मामला 3 जजों की स्पेशल बेंच को सौंप दिया था।

जस्टिस विक्रम नाथ ने एक महिला वकील से पूछा- मिस दवे, आप किसकी तरफ से हैं? दवे बोलीं- मैं एमसीडी की ओर से हूं। हमारा हलफनामा रिकॉर्ड में है। जो भी आदेश पारित होगा, हम उसका पालन करने तैयार हैं।

जस्टिस विक्रम नाथ ने कहा कि लेकिन आपका क्या कहना है? यह नगर निगम की निष्क्रियता के कारण हो रहा है। स्थानीय अधिकारी वह नहीं कर रहे, जो उन्हें करना चाहिए। उन्हें यहां जिम्मेदारी लेनी चाहिए। यहां हस्तक्षेप दर्ज कराने आए हर व्यक्ति को जिम्मेदारी लेनी चाहिए।

सिब्बल ने कहा- मैं प्रोजेक्ट काइंडनेस की तरफ से यहां आया हूं, यह एक एनजीओ है जो कुत्तों की देखभाल करता है। आवारा कुत्तों को न छोड़ने का निर्देश भी लागू नहीं हो सकता, क्योंकि वहां कोई शेल्टर होम ही नहीं है। कुत्तों को उठाने में कोई ढिलाई न बरतने के निर्देश पर भी रोक लगानी होगी।

कुत्तों को उठाने के बाद वे उन्हें कहां ले जाएंगे, किसी भी तरह की बाधा को अवमानना मानने के निर्देश पर भी रोक लगानी होगी।

जम्मू-कश्मीर राज्य के दर्जे पर शीर्ष कोर्ट का हवाला

## जमीनी हकीकत नजरअंदाज नहीं कर सकते

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग वाली एक याचिका पर केंद्र से जवाब मांगा। सीजेआई बीआर गवई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की इस दलील पर भी गौर किया कि फैसला लेने की प्रक्रिया में कई बातों पर विचार किया जाता है। सीजेआई ने कहा, 'पहलगाम में जो हुआ उसे आप नजरअंदाज नहीं कर सकते। फैसला संसद और कार्यपालिका को लेना है।'

विजन 2047 की बहस में सीएम योगी बोले

## 'दुनिया आगे बढ़ रही है, लेकिन वो परिवार में सिमटे'




**लखनऊ।** यूपी विधानसभा में बीते 24 घंटे से हो रही विजन डॉक्यूमेंट पर हो रही चर्चा पर सीएम योगी ने जवाब दिया। उन्होंने कहा कि बीते 24 घंटे में 187 वक्ताओं ने इस पर अपने विचार रखे हैं। मैं सभी पक्ष और विपक्ष के नेताओं को धन्यवाद देता हूं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने भाषण के प्रारंभ में यूपी के विकास विजन डाक्युमेंट 2047 के पर चर्चा के लिए सदन के सभी सदस्यों को धन्यवाद दिया। बीते 24 घंटे में चर्चा में 187 सदस्यों ने भाग लिया। अब इस हम लोगों की राय लेकर रणनीति बनानी है। यह जरूरी है कि सदस्य इसमें भाग लें और इसमें रुचि लें। इस चर्चा ने 24 घंटे में साबित किया है कि भले ही हमारी विचारधारा अलग हो पर प्रदेश के विकास के लिए हम सभी साथ हैं। ये इस चर्चा से संदेश निकला है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रदेश में पहली इंवेस्टर समिट का उद्घाटन करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि देश की सबसे बड़ी आबादी वाला प्रदेश अब पूरे देश की उम्मीदों का केंद्र बन चुका है। कल स्वतंत्रता दिवस के 78 वर्ष पूरे होने जा रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने संकल्प लिया है कि 2047 तक भारत को एक विकसित राज्य बनना है। हम सभी जानते हैं कि ऐसा तभी हो सकता है जब सभी राज्य अपनी जिम्मेदारी निभाएं। बीते 24 घंटे में सदन में हुई चर्चा विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में एक योगदान है।

## 'वोट चोरी' पर चुनाव आयोग बोला-ऐसे गंदे शब्दों से बचें, यह करोड़ों वोटर्स पर हमला

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने गुरुवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी और विपक्ष के वोटर लिस्ट में गड़बड़ी और वोट चोरी के आरोपों का जवाब दिया। चुनाव आयोग ने कहा, वोट चोरी जैसे गंदे शब्दों का इस्तेमाल कर झूठी कहानी गढ़ने की कोशिश करना करोड़ों भारतीय मतदाताओं पर सीधा हमला है।' आयोग ने कहा, ऐसे आरोप लाखों चुनावकर्मियों की ईमानदारी पर भी चोट है। एक व्यक्ति, एक वोट का कानून भारत के पहले आम चुनाव 1951-1952 से ही लागू है। यदि किसी के पास इस बात का प्रमाण है कि किसी व्यक्ति ने किसी चुनाव में वास्तव में दो बार मतदान किया है, तो उसे बिना किसी सबूत के देश के सभी मतदाताओं को चोर कहने के बजाय, एक शपथ-पत्र के साथ निर्वाचन आयोग को यह प्रमाण सौंपना चाहिए।



# बदला मौसम: कहीं बारिश तो कहीं धूप

- शहर के कई इलाकों में हुई रिमझिम बारिश
- तापमान में उतार-चढ़ाव 19 अगस्त तक रहेगा जारी

एनएनआई

आगरा। शहर में गुरुवार को मौसम के की रंग दिखाई दिए। कहीं रिमझिम बारिश हुई तो धूप खिली।

गुरुवार को सुबह से ही बादल छाए रहे। रात को बारिश के बाद सुबह से कुछ इलाकों में बूंदाबांदी हुई तो कहीं रिमझिम। इससे मौसम सुहाना हो गया है। वहीं कहीं-कहीं खिली धूप ने उमस पैदा कर दी। मौसम विभाग ने 14 से 16 अगस्त तक बारिश की संभावना जताई है। बादल छाए रहेंगे।



1 जून से 13 अगस्त तक आगरा में 34% बारिश हो चुकी है।

पिछले 2 दिन से आगरा में तेज धूप निकल रही थी, लेकिन बुधवार दोपहर से मौसम अचानक पलट गया। तेज धूप की जगह बादल छा गए। शाम को बारिश हुई। इसके बाद रात तक रुक-रुक कर बूंदाबांदी होती रही। गुरुवार सुबह भी बूंदाबांदी का दौर कुछ इलाकों दिखाई दिया। इससे तापमान में गिरावट आई है। आगरा में जून में सबसे अधिक बारिश हुई। जून में औसत से 3 गुना अधिक बारिश हो गई थी। जुलाई में भी कुछ दिन ठीकठाक बारिश हुई, लेकिन अगस्त में बारिश का ग्राफ गिर गया। इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि 1 जून से 13 अगस्त तक औसत से सिर्फ 34% अधिक बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार, इस समयावधि में 441.7 एमएम बारिश हुई। जबकि इस समयावधि का औसत 330.5 एमएम है।कभी बारिश तो कभी तेज धूप, इसकी वजह से तापमान में भी उतार-चढ़ाव रहा है। 12 अगस्त तो अधिकतम तापमान जहां 34.5 डिग्री सेल्सियस था वहीं, 13 अगस्त को यह 34.1 डिग्री सेल्सियस पर आ गया।

## कल धूमधाम से मनाया जाएगा स्वतंत्रता दिवस



- जगह-जगह शान से फहराया जाएगा तिरंगा
- स्कूलों में रहेगी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम

एनएनआई

आगरा। स्वाधीनता की 79वीं सालगिरह पर शुक्रवार 15 अगस्त को शहर देशभक्ति में डूबा रहेगा। जगह-जगह तिरंगा फहराया जाएगा और शहीदों का स्मरण कर उनकी कुर्बानियों के प्रति कृतज्ञता अर्पित की जाएगी। स्कूलों में ध्वजारोहण के साथ राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत कार्यक्रम पेश किए जाएंगे। मुख्य कार्यक्रम पुलिस लाइन परेड ग्राउंड पर होगा। यहां पर प्रभारी मंत्री सुबह नौ बजे झंडारोहण करेंगे। पन्द्रह अगस्त आते ही आजादी के जश्न का माहौल बनने लगता है। इस राष्ट्रीय पर्व पर समूचा शहर देश भक्ति के माहौल से सराबोर हो जाता है। स्कूलों में विभिन्न कार्यक्रम होंगे तथा मिठाइयां बांटी जाएंगी। पन्द्रह अगस्त को लेकर बच्चों में विशेष उत्साह है। हर घर तिरंगा यात्राएं कई दिनों से जगह-जगह निकाली जा रही हैं। शहर के बाजारों में तिरंगे झंडे बिक्री के लिए रखे हुए हैं।

# एमएसएमई काउंसलिंग के अवार्ड पर नहीं देना होगा स्टांप

एनएनआई

आगरा। सूक्ष्म लघु एवं उद्यम में एमएसएमई के द्वारा किए गए समविभव सप्लाई पर समय के अंतर्गत भुगतान न करने पर एमएसएमई एक्ट 2006 को लागू किया गया है। इसमें उत्तर प्रदेश में फैसिलिटेशन निवाली 2007 के अनुसार कार्रवाई सुनिश्चित के लिए नियमावली लागू की गई है

एमएसएमई एक्ट 2006 के अंतर्गत प्राप्त विषयों को परिषद मध्यस्थ और सुलह अधिनियम 1996 की धारा 31 के अनुसार और एमएसएमई एक्ट 2006 की धारा 18 की उप धारा 5 में निर्देशित के समय के भीतर एक माध्यम पतच प्रदान करता है। पतच को प्रति संगत विधि के अनुसार स्टांप पर किया जाएगा। विधि की पूर्ण जानकारी के अभाव में निर्णय की राशि पर एक प्रतिशत स्टांप मांगने की नीति अपनाते हुए निर्णय दर्ज करके दिया जा रहा है। इससे एमएसएमई को उसकी ही राशि को प्राप्त करने के लिए अनावश्यक बोझ आ रहा है। जबकि एमएसएमई एक्ट जो की उसके लिए एक विशेष अधिनियम है जिसे एमएसएमई को आगे बढ़ाने सुचारू विकास करने व विकास के नए स्तर तक ले जाने के लिए लाया गया है।

परिषद द्वारा निर्णय की राशि (मूल एवं ब्याज) पर मांगे जा रहे स्टांप के बोझ का स्पष्टीकरण हाल में उच्च न्यायालय इलाहाबाद के बाद में मैसेज कालेश्वरी पावर प्रोडक्ट प्राइवेट लिमिटेड वर्सेस स्टेट आफ अप एंड अनदर 29 जुलाई में किया है। निर्णय से स्पष्ट है कि परिषद द्वारा आवेदक के दाखिल किए जाने के 7 दिन के भीतर उपलब्ध कराई जाएगी।

एमएसएमई को आगे बढ़ने पर उसके भुगतान को समय के अंतर्गत प्राप्त करने के वह

न्याय के अंतर्गत समर्थ परिषद को उच्च न्यायालय इलाहाबाद के निर्णय से अवगत कराते हुए उनके द्वारा की गई व्याख्या के अनुसार निर्णय को परिषद के निर्णय को समय सीमा के अंतर्गत एमएसएमई को प्रदान करे।



## भाजपा ने युवतियों को दिखाई द उदयपुर फाइल्स

आगरा एनएनआई। फिल्म द उदयपुर फाइल्स कन्हैया लाल की हत्या पर आधारित एक सत्य घटना है। इसको हिन्दू युवतियों को निःशुल्क दिखाया गया।भाजपा नेता गौरव राजावत ने बताया कि उनकी ओर से 650 युवतियों को एसआरके मॉल में इस पिक्चर का निशुल्क दिखाया गया। सभी युवतियों का कहना था कि यह फिल्म एक जिहादी मानसिकता का रूप है। फिल्म निमार्ता अमित जानी ने कहा कि प्रत्येक सनातनी को जिहाद की सच्चाई से रूबरू होना जरूरी है। इन जिहादियों को अपने बीच में पहचानना चाहिए। इस मौके पर हिमांशु ठाकुर, आनंद चौधरी, गौरव राजावत, विकास भारद्वाज, शेलू पंडित, अनंत चौधरी, लोकेश पलिया, सचिन प्रधान, अमित गोयल,आकाश मुलानी, तुषार वाल्मीकि, अभिषेक परमार, शुभम सिंह अभिषेक चौधरी विजय चौहान तरुण गुप्ता करण गर्ग आदि मौजूद रहे।

## वैधानिक सूचना

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहानिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

- प्रबंधक विज्ञापन

समाचार पत्र में छपे किसी भी लेख के लिए प्रधान संपादक उत्तरदायी नहीं है। प्रकाशित विभिन्न रचनाओं के लिए लेखक स्वयं उत्तरदायी है। समाचार पत्र में प्रकाशित सामिग्री / विज्ञापन आदि से प्रधान संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र सिर्फ आगरा होगा।

# भूमाफियाओं के खिलाफ वैश्य समाज ने भरी हुंकार

- बबली गर्ग के मामले की जांच कराकर कब्जा दिलाने की मांग
- पुलिस कमिश्नर को सौंपा ज्ञापन, विधायक की भूमिका पर जताया रोष

एनएनआई

आगरा। बबली गर्ग को उसके मकान का कब्जा वापस दिलाए जाने और इस मामले में निलंबित पुलिसकर्मियों की बहाली की मांग को लेकर अग्रवाल युवा संगठन की अगवाई में वैश्य समाज के लोगों ने पुलिस कमिश्नर को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में सत्ताधारियों के संरक्षण में भूमाफियाओं का गिरोह का भंडाफोड़ करने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई। कार्रवाई नहीं होने पर धरना-प्रदर्शन की चेतावनी दी गई।

पीड़ित बबली गर्ग ने पुलिस कमिश्नर को बताया कि उसने प्रेमलता से 40 मीटर का मकान टेढ़ी बगिया में खरीदा था। चेक के जरिए पैसा दिया था। विक्रेता ने चेक वापस



कर कैश रुपये ले लिए। नगद लेन देन की नोटरी कराई गई थी।

कब्जा भी मिल गया था, लेकिन में रजिस्ट्री विभाग में तितमा ( संशोधन ) लगाना भूल गई। इसी का फायदा उठाकर भू माफिया विक्रेता ने उसके मकान पर कब्जा कर लिया । दो महीने की जांच के बाद पुलिस ने कार्रवाई की, लेकिन विधायक के दबाव में पांच पुलिस वालों को सस्पेंड करवा दिया। पुलिस दबाव में आ गई । विधायक के पास फरियाद लेकर पहुंची तो उसे ही फ्रॉड कहकर भगा दिया। उसके कागज तक नहीं देखे। उसने निष्पक्ष जांच कराकर मकान का कब्जा दिलाने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। महिला नेहा के पुलिस पर लगाए गए आरोपों की जांच कराकर पुनः मेडिकल कराया जाए। अग्रवाल युवा संगठन के मुख्य संरक्षक विनय अग्रवाल ने कहा कि सत्ता के संरक्षण में भू माफिया सक्रिय है। उन्होंने फतेहपुर सीकरी और सेवला के मामलों का जिक्र किया। अग्रवाल युवा संगठन के अध्यक्ष राकेश अग्रवाल ने चेतावनी दी कि अगर दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई और बबली गर्ग को कब्जा नहीं दिलाया गया तो यह लड़ाई आगरा से लखनऊ तक लड़ी जाएगी। धरना प्रदर्शन किया जाएगा। ज्ञापन देने वालों में विकास मोहन बंसल, प्रमोद सिंघल, हेमलता अग्रवाल, डॉ. मंजू बंसल, कृष्ण कुमार अग्रवाल, अमित बंसल, प्रवीन अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, जितेंद्र अग्रवाल, अंकित अग्रवाल, संजय अग्रवाल, संदीप गोयल, केशव अग्रवाल, भरत मित्तल, हरेंद्र अग्रवाल,

संदीप अग्रवाल, अंबुज अग्रवाल, अंशुल बंसल, राम अग्रवाल, प्रवीण अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, अंकित अग्रवाल ,शिवम गर्ग, गौरव अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, प्रबल अग्रवाल, चिराग अग्रवाल, पारस अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, मिनेश गर्ग, अखिल अग्रवाल, नीरज रत्नप्रिया, सार्थक अग्रवाल, प्रमित अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, निकेश अग्रवाल, मयंक अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## गोदाम से चोरी करने वाले चोर भेजे जेल

आगरा एनएनआई। गोदाम से चोरी करने वाले दो शातिरों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुलिस ने इनके कब्जे से चोरी का सामान बरामद किया है। ट्रांसयमुना थाना क्षेत्र में शातिर चोरो ने एक गोदाम को निशाना बनाते हुए पंखा, कॉपर के तार का बंडल, गैस चूल्हा और सिलेंडर आदि चोरी कर लिया गया था। पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस चोरों की तलाश में जुटी थी। थाना ध्यक्ष रोहित कुमार और शाहदरा चौकी इंचार्ज जितेंद्र कुमार के साथ उपनिरीक्षक शरद धामा, अभिषेक कुमार और कांस्टेबल ऋषि कुमार मुखबिर की सूचना पर भूरा और उमेश वर्मा को शाहदरा सर्विस रोड से गिरफ्तार कर लिया गया। दोनो शातिरों के पास से पुलिस को एक बंडल कॉपर का तार, एक सिलेंडर, गैस चूल्हा, इलेक्ट्रॉनिक कॉटा और दो एलईडी लाइट बरामद किया। पुलिस चोरों को जेल भेज दिया।

NNI
हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
अपना ब्रज
www.nnindianews.com
गुरुवार, 14 अगस्त, 2025


# जन्माष्टमी पर लाखों श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद

## वीकेंड में जिला प्रशासन और पुलिस की अग्नि परीक्षा, हर तरफ होगी चौकन्नी निगाहें

एनएनआई

**वृंदावन।** ठाकुर बांकेबिहारी की नगरी में भक्तों की संख्या में लगातार हो रही वृद्धि के चलते भीड़ नियंत्रण में जिला प्रशासन पूरी तरह असफल रहा है। लेकिन, अब तीन दिन की लगातार पड़ रही छुट्टियां पुलिस और प्रशासन का सिरदर्द बढ़ाने जा रही हैं।



15 अगस्त शुक्रवार को स्वतंत्रता दिवस के बाद शनिवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी और फिर पड़ने वाले रविवार के कारण देश के विभिन्न शहर के लोगों ने तीन दिन वृंदावन में डेरा डालने का मन बना लिया है। होटल गेस्टहाउसों में बुकिंग लगभग पूरी हो चुकी है। तो शहर में भीड़ नियंत्रण की बात हो या फिर यातायात को सुचारू रखने की कवायद। इस बार का वीकेंड जिला प्रशासन और पुलिस के लिए कड़ी चुनौती बनने जा रहा है।

भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव पर देशभर के विभिन्न प्रांतों के श्रद्धालु मथुरा एवं वृंदावन में डेरा डालेंगे। इसके साथ ही शुक्रवार को स्वतंत्रता दिवस के बाद शनिवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मनाने के लिए दिल्ली, एनसीआर के अलावा आसपास के प्रांतों से श्रद्धालु निजी वाहनों से भी वृंदावन पहुंचेंगे। इसके लिए श्रद्धालुओं ने शहर के होटल, गेस्टहाउस व आश्रमों में ठहरने के लिए बुकिंग करवा ली है।

शहर के प्रसिद्ध गेस्टहाउसों में शामिल फोगला आश्रम, धानुका गेस्टहाउस, सुखधाम, जन्माष्टमी आश्रम समेत अनेक आश्रमों में लगभग बुकिंग पूरी हो चुकी है। जबकि बड़े होटलों में भी लगातार श्रद्धालु अपनी बुकिंग करवा रहे हैं। आश्रमों में श्रद्धालुओं के लिए कमरे बुक हो रहे हैं।

श्रद्धालुओं की संख्या इस वीकेंड लाखों में पहुंचने की उम्मीद जताई जा रही है। जबकि उनके वाहनों को शहर के बाहर पार्किंग में खड़ा करवाना पुलिस के लिए सबसे बड़ी चुनौती साबित होगा। शहर के विभिन्न मंदिरों में होने वाले श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के समारोह में शामिल होने को श्रद्धालु एक मंदिर से दूसरे मंदिर तक पहुंचेंगे और बाजार अथवा व्यवस्ततम इलाकों में यातायात दुरस्त रखना कड़ी चुनौती साबित होगा।

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर देश-दुनिया के श्रद्धालु आएंगे। उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम द्वारा लगातार बसों का संचालन किया जाएगा। बसों में भजन भक्तों को भक्ति में सराबोर करेंगे। रेलवे द्वारा भी तैयारियां की जा रही हैं। दो ट्रेनों का दूरी विस्तार किया गया है। अभी और ट्रेन चलाई जानी हैं। सुरक्षा को लेकर जीआरपी और आरपीएफ ने भी तैयारी शुरू कर दी हैं। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी 16 अगस्त को है। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर ब्रज में आस्था की बयार बहती है। देश-दुनिया के श्रद्धालु आते हैं। बस और ट्रेन से भी हजारों श्रद्धालु आएंगे। परिवहन निगम द्वारा लगातार बसों का संचालन किया जाएगा। जिस मार्ग पर बस की आवश्यकता होगी, उस पर बस संचालित की जाएगी।

निगम के बेड़े में 176 बस हैं। आगरा, हाथरस, अलीगढ़, बरेली, जयपुर, दिल्ली मार्ग पर लगातार बस दौड़ेंगी।

बसों में कान्हा के भजन चलते रहेंगे। बसों में भी कान्हा की भक्ति में भक्त झूमेंगे।

रेलवे द्वारा भी श्रकृष्ण जन्माष्टमी की तैयारियां शुरू कर दी हैं।

20 अगस्त तक कासगंज-मथुरा छावनी-कासगंज का गंगापुर सिटी तक विस्तार किया गया है।

वहीं दूसरी ट्रेन कासगंज-मथुरा छावनी-कासगंज का अछनेरा तक विस्तार किया गया है।

अभी अन्य ट्रेनों का संचालन भी किया जाएगा।

# गैंगस्टर एक्ट के आरोपी की 1.25 करोड़ की संपत्ति जब्त



एनएनआई

**फिरोजाबाद।** पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के एक आरोपी की करोड़ों की संपत्ति जब्त की है। एसएसपी सौरभ दीक्षित के निर्देश पर सिरसागंज पुलिस ने यह कार्रवाई की। आरोपी अमित कुमार उर्फ सीटू यादव की 57.14 लाख रुपए की अचल संपत्ति को कुर्क किया गया है। इस संपत्ति की वर्तमान बाजार कीमत लगभग 1.25 करोड़ रुपए आंकी गई है।

जब्त की गई संपत्ति में सिरसागंज के गडरियान मोहल्ले में एक तीन मंजिला मकान शामिल है। इसके अलावा करहल रोड स्थित दीनानाथपुरम के पास श्यामनगर में एक मकान, रुधैनी गांव में पांच बीघा कृषि भूमि, दीनानाथपुरम में 111.52 वर्ग मीटर का प्लॉट और सिरसाखास में 92.93 वर्ग मीटर का प्लॉट भी जब्त किया गया है। थाना नसीरपुर में पंजीकृत मुकदमा संख्या 99/25 के तहत यह कार्रवाई की गई है। आरोपी के खिलाफ गिरोहबंद एवं असामाजिक क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1986 की धारा 2/3 के तहत मामला दर्ज है। अमित कुमार पर गंभीर अपराधों से जुड़े आधा दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। सीओ अन्वेष कुमार ने बताया कि गैंगस्टर एक्ट के आरोपी की संपत्ति को डीएम के निर्देश पर कुर्क किया गया है।

# गिलास फैक्ट्री में मजदूर की संदिग्ध हालात में मौत, प्रदर्शन

एनएनआई

**फिरोजाबाद।** थाना लाइनपार क्षेत्र स्थित फारूखी गिलास फैक्ट्री में एक मजदूर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की पहचान थाना रामगढ़ क्षेत्र के गांव कुतकपुर चनौरा निवासी 50 वर्षीय साहब सिंह के रूप में हुई है। साहब सिंह पिछले 15 वर्षों से फारूखी गिलास में कार्यरत थे। बुधवार शाम को उनकी अचानक मौत की खबर मिली। मौत की सूचना मिलते ही फैक्ट्री के अन्य मजदूरों ने काम बंद कर दिया और विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। मृतक के भतीजे रामपाल के अनुसार, मौत का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। घटना के बाद फैक्ट्री मालिक और ठेकेदार मौके से फरार हो गए। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया। थाना लाइनपार के इंस्पेक्टर राजेश कुमार पांडे ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। मामले की जांच जारी है। पुलिस मृतक के परिजनों और प्रदर्शन कर रहे मजदूरों से बातचीत कर रही है।



# धीमी प्रगति पर मण्डलायुक्त ने जताई नाराजगी




एनएनआई

**आगरा।** कलेक्ट्रेट सभागार में मंडलायुक्त शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड एवं मंडलीय विकास कार्यों की समीक्षा बैठक हुई। समीक्षा में मैनपुरी की रैंकिंग में सुधार, जबकि अन्य जिलों में गिरावट दर्ज की गई। पीएम सूर्य घर योजना, सीएम आवास योजना, जल जीवन मिशन, पंचायती राज, मध्यान्ह भोजन में विद्यार्थियों की उपस्थिति, सड़क निर्माण और अनुरक्षण में धीमी प्रगति पर नाराजगी जताई गई। आयुक्त ने निर्देश दिए कि ग्राम्य विकास के तहत बैंक क्रेडिट, गोशालाओं का विस्तारीकरण, आवारा गोवंश संरक्षण, शौचालय, विद्युत संयोजन, बाउंड्रीवाल और फर्नीचर से सभी विद्यालय संतृप्त किए जाएं। पात्र परिवारों को पेंशन, आवास, आयुष्मान और महिला कल्याण योजनाओं का लाभ समय से दिलाया जाए। स्वास्थ्य, खाद्य एवं ऊर्जा विभाग में लंबित कार्य शीघ्र निपटाने, सोलर प्लांट स्थापना में तेजी लाने और मॉडल दुकानों का निर्माण पूर्ण करने के निर्देश दिए। 50 करोड़ से अधिक की परियोजनाओं में मथुरा-यमुना एक्सप्रेसवे से पागल बाबा मंदिर तक 4 लेन, यमुना पर 2 लेन सेतु, वृंदावन परिक्रमा मार्ग सुधार और शिवाजी महाराज संग्रहालय निर्माण को प्राथमिकता दी गई। बैठक के बाद मंडलायुक्त ने कलेक्ट्रेट परिसर में बाउंड्रीवाल, नाली, सड़क, स्ट्रीट लाइट और गैराज का लोकार्पण किया। बैठक में चारों जिलों के डीएम, सीडीओ और मंडलीय अधिकारी मौजूद रहे।

# आप्टा ने तिरंगा यात्रा से दिया देशप्रेम का संदेश

- मदिया कटरा से लोहामंडी चौराहे तक सैकड़ों विद्यार्थियों व शिक्षकों की भागीदारी



एनएनआई

**आगरा।** आप्टा के तत्वावधान में ड्रीम एजुकेशन प्वाइंट और टॉपरैंकर के सहयोग से मदिया कटरा से लोहामंडी चौराहे तक भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में सैकड़ों विद्यार्थी और शिक्षक उत्साहपूर्वक शामिल हुए। आप्टा संस्थापक व संयोजक डॉ. सुनील उपाध्याय ने बताया कि विद्यार्थियों में राष्ट्रवाद, देशभक्ति और राष्ट्र गौरव की भावना जागृत करने के उद्देश्य से यह यात्रा हर वर्ष आयोजित की जाती है। तिरंगा यात्रा के दौरान बच्चों ने ह्यभारत माता की जयह्न, ह्यवंदे मातरम्ह्न और शहीदों के अमर रहने के नारे बुलंद किए। सभी प्रतिभागी हाथों में तिरंगा लहराते हुए देशभक्ति के गीतों के साथ आगे बढ़ते रहे। कार्यक्रम में आप्टा सचिव मुकेश मीरचंदानी, कोषाध्यक्ष वैभव बंसल, उपाध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, अनिल रजवानी, सीए पूनम मीरचंदानी, उमेश टिन्ना, मोहित सिंह, दीपांशु अग्रवाल, जयदीप पंवार, सुरेंद्र सिंह, समीर सक्सेना, अपूर्व बंसल, अश्वनी कुमार, पियूष गर्ग और सौरभ कुमार सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।

# श्रीजगन्नाथ मंदिर का 15वां स्थापना दिवस, भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम

एनएनआई



**आगरा।** कमला नगर स्थित श्रीजगन्नाथ मंदिर का 15वां स्थापना दिवस गुरुवार को भक्तिभाव और भव्यता के साथ मनाया गया। भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा और भाई बलभद्र को इस अवसर पर सूर्य की आभा लिए नारंगी वस्त्रों और पुष्पों से विशेष श्रृंगार किया गया। मंदिर परिसर नारंगी गुड़हल और गुलाब के फूलों से सुसज्जित रहा, जबकि वातावरण ह्यहरि बोलह्न और ह्यजगन्नाथ स्वामीह्न के जयकारों से गूंजता रहा। वृंदावन से पधारे परम पूज्य राधा गोविन्द महाराज और हरविजय दास ने मंदिर स्थापना के 15 वर्ष के संस्मरण साझा करते हुए कहा कि सच्चा भक्त वह है जो भगवान की भक्ति के साथ मानवता और प्रेमपूर्ण व्यवहार को भी जीवन में अपनाता है। उन्होंने गीता के संदेश का उल्लेख करते हुए कहा कि जो मन और बुद्धि को भगवान को अर्पित कर देता है, वही भगवान का प्रिय बनता है। इस अवसर पर भक्तों ने हरे राम-हरे कृष्ण संकीर्तन, फूल बंगला सज्जा और भंडारे में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में आगरा इस्कॉन अध्यक्ष अरविन्द प्रभु, वैकुण्ठ दास, विश्वास प्रभु, शशांक प्रभु, ओमप्रकाश अग्रवाल और अदिति गौरांगी सहित अनेक भक्त उपस्थित रहे।

# आगरा व्यापार मंडल का रक्तदान महायज्ञ 31 अगस्त को, 2000 यूनिट का लक्ष्य

एनएनआई



**आगरा।** मानवता और यातायात सुरक्षा का संदेश देते हुए आगरा व्यापार मंडल 31 अगस्त को रामस्वरूप गर्ल्स इंटर कॉलेज, दरेसी नं. 1 में सुबह 9 से रात 9 बजे तक तृतीय विशाल रक्तदान शिविर आयोजित करेगा। बुधवार को अतिथि वन, वाटर वर्क्स में हुई समीक्षा बैठक में अध्यक्ष टीएन अग्रवाल ने बताया कि इस वर्ष 2000 से अधिक यूनिट रक्त एकत्र करने का लक्ष्य है। प्रत्येक रक्तदाता को ब्रांडेड हेलमेट भेंट किया जाएगा। शिविर का उद्घाटन अपना घर संस्था के डॉ. माधुरी भारद्वाज एवं डॉ. बीएम भारद्वाज करेंगे। लोकहितम ब्लड बैंक के अध्यक्ष अनिल कुमार अग्रवाल ने कहा कि यह महायज्ञ 6000 लोगों का जीवन बचाने में सहायक होगा।

इस बार ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी भागीदारी होगी। शिविर में 60 से अधिक संस्थाएं सक्रिय सहयोग देंगी, जिनमें कपड़ा कमेटी, सराफा एसोसिएशन, सदर बाजार एसोसिएशन, कमला नगर व्यापार मंडल आदि शामिल हैं। लोकहितम ब्लड बैंक के रोहित अग्रवाल ने बताया कि 65 वर्ष तक के स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान कर सकते हैं। डायबीटीज मरीज, यदि इंसुलिन पर नहीं हैं, रक्तदान कर सकते हैं, जबकि थायराइड और ब्लडप्रेशर के मरीज नहीं कर सकते। पिछले वर्ष 1036 यूनिट एकत्र हुए थे।

# खेरिया मोड़ तिरंगा चौक पर कल ध्वजारोहण करेंगे सांसद संजय सिंह



एनएनआई

**आगरा।** स्वतंत्रता दिवस पर 15 अगस्त को खेरिया मोड़ तिरंगा चौक, अजीत नगर बाजार पर मुख्य अतिथि राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ध्वजारोहण करेंगे। बुधवार को अजीत नगर बाजार कार्यालय पर आयोजित प्रेसवार्ता में बाजार कमेटी अध्यक्ष ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि तिरंगा चौक पर प्रतिदिन होने वाले ध्वजारोहण के विशेष आयोजन में सभी नागरिक आमंत्रित हैं। कार्यक्रम में आम आदमी पार्टी अध्यक्ष डॉ. हृदेश चौधरी, जिला अध्यक्ष सिद्धार्थ चतुर्वेदी, अजीत नगर बाजार कमेटी अध्यक्ष राजेश यादव, समाजसेवी मनोज नौतनानी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहेंगे।

# ताजनगरी को वेडिंग डेस्टिनेशन बनाने पर मंथन

एनएनआई

**आगरा।** वेडिंग इंडस्ट्रीज एसोसिएशन ने बुधवार को होटल होलीडे इन में सेमिनार आयोजित कर 'वर्तमान चलन, संभावना एवं चुनौतियां' विषय पर मंथन किया। वेडिंग प्रोफेशनल्स, डेकोरेटर, डिजाइनर, हॉस्पिटैलिटी, कैटरिंग एक्सपर्ट और इवेंट प्लानर एक मंच पर जुटे और आगरा को उत्तर प्रदेश का प्रमुख वेडिंग डेस्टिनेशन बनाने के ठोस सुझाव दिए। अध्यक्ष मनीष अग्रवाल रावी ने कहा कि भारतीय विवाह संस्कृति और परंपरा का अद्वितीय संगम हैं। महामारी से प्रभावित यह उद्योग सरकारी अनुदान और सुविधाओं से तेजी से आगे बढ़ सकता है। उन्होंने उद्यमियों को जीएसटी भरने और एमएसएमई में पंजीकरण की सलाह दी। संरक्षक राजेश गोयल ने उद्योग में गुणवत्ता और आपसी सहयोग पर जोर दिया। पहले सत्र में डेकोर एक्सपर्ट पीयूष सिंघल ने इको-फ्रेंडली शादियों पर जोर दिया, जबकि टेंट व्यवसायी सौरभ सिंघल ने महाकुंभ से मिली प्रेरणा साझा की। विमल गोयल ने कहा कि आगरा की संभावनाएं वैश्विक स्तर पर सर्वश्रेष्ठ हैं। राहुल जैन ने बढ़ते पंचसितारा होटलों को वैवाहिक पर्यटन का मजबूत आधार बताया। दूसरे सत्र में




एंटरटेनमेंट और हॉस्पिटैलिटी पर चर्चा हुई। अरुण सक्सेना ने भारतीय संस्कृति के समावेश से उद्योग को उन्नत करने की बात कही। कमलप्रीत सिंह ने आगरा में सेलिब्रिटी इवेंट्स बढ़ाने का सुझाव दिया और कलाकारों की संस्था बनाने पर जोर दिया। तीसरे सत्र में कैटरिंग, ग्राहक सुरक्षा, टाइम मैनेजमेंट और सरकारी नीतियों पर चर्चा रही। पंकज गोयल, शिखा जैन और रिनी रॉय ने उद्योग की चुनौतियों और अवसरों पर विचार रखे। कार्यक्रम में सनी गुप्ता, हर्ष सिसोदिया, पुनीत अग्रवाल, विष्णु शर्मा, राहुल कुशवाह सहित कई उद्यमी शामिल हुए। संचालन अनिल सविता, अपरार्क शर्मा और राकेश सक्सेना ने किया।

# गरुड़झेप यात्रा में गूंजेगी शिवाजी की शौर्यगाथा

- 101 किले का जल एकत्र कर किया जाएगा छत्रपति शिवाजी का जलाभिषेक
- गोआ के विश्व विख्यात कलाकार शिवाजी के जन्म से राज्याभिषेक तक का करेंगे नाट्य मंचन
- मशाल लेकर आगरा से राजगढ़ तक पैदल जाएंगे छत्रपति शिवाजी महाराज सेनापति के 14 वें वंशज
- छत्रपति शिवाजी के सेनापतियों के 14 वें वंशज दिखाएंगे युद्ध जोहर प्रतिभा

एनएनआई



**आगरा।** छत्रपति शिवाजी महाराज 17 अगस्त 1666 को मुगल शासक औरंगजेब के मुंह पर तमाचा मारते हुए उसकी कैद से निकलने में सफल हे। अपनी युद्ध कौशल और कार्य योजना क्षमता का प्रदर्शन करते हुए आगरा किले से हजारों सैनिकों को गुमराह कर निकल गए थे। छत्रपति शिवाजी के जयकारों संग वीर गाथा से युवाओं को रूबरू कराने के लिए समर्थ गुरु रामदास एवं छत्रपति शिवराय प्रतिष्ठान आगरा एवं छत्रपति शिवाजी के सेनापतियों के 14वें वंशज विगत कई वर्षों से आगरा से लेकर राजगढ़ तक गरुड़झेप में यात्रा निकल रहे हैं। 17 अगस्त को सैकड़ो लोगों की मौजूदगी में आगरा किला छत्रपति शिवाजी प्रतिमा स्थल पर कार्यक्रम के उपरांत मशाल जुलूस लेकर हजारों समर्थक राजगढ़ के लिए कूंच करेंगे।

सत्तो लाला फूड कोर्ड में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान शिवाजी के वंशज आभामारुति गोला ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए कहा युवा पीढ़ी को महाराजा छत्रपति शिवाजी की वीरता, युद्ध कौशल और हिंदुत्व भावना से प्रेरित करने के लिए यह यात्रा निकाली जाएगी। 17 अगस्त सन 1666 को महाराज छत्रपति शिवाजी अपनी कार्य कुशलता युद्ध क्षमता और वीरता के बल पर औरंगजेब की कैद से मुक्त होकर आगरा से निकले थे। शिवाजी के सेनापतियों के 14 वें वंशज पिछले दो वर्षों से इस दिन को स्मृति दिवस के रूप में मना रहे हैं। इसी क्रम में 17 अगस्त को लाल किले के सामने स्थित शिवाजी प्रतिमा स्थल से पुणे तक लगभग 1250 किलोमीटर की गरुड़झेप मुहिम यात्रा निकाली जाएगी। जिसमें गोआ के विश्व विख्यात कलाकार (150 महिलाएं) शिवाजी महाराज के जन्म से लेकर राज्याभिषेक तक की नाट्य प्रस्तुति की जाएगी। पूना की 55 छात्राएं आरंगजेव की कैद से शिवाजी महाजार कैसे बाहर निकले, इसका नाट्य मंचन करेंगी। साथ ही 101 किले के जल को एकत्र कर छत्रपति शिवाजी महाजार की प्रतिमा का जलाभिषेक किया जाएगा। बताया कि आगरा के सेवला जाट के पास सराय मलूक चंद नामक स्थान पर मशाल जुलूस का भव्य स्वागत किया जाएगा यह स्थान इसलिए महत्वपूर्ण है कि शिवाजी महाराज आगरा से जाते समय एक रात विश्राम हेतु यहां रुके थे। छत्रपति शिवाजी महाराज गरुड़झेप मुहिम यात्रा का स्वागत आगरा की समर्थ गुरु रामदास एवं छत्रपति शिवराय प्रतिष्ठान संस्था द्वारा भव्य रूप से किया जाएगा। संस्था के अध्यक्ष डॉ वात्सल्य उपाध्याय ने बताया कि हिंदुत्व की प्रेरणा देने वाले महान वीर शासक शिवाजी महाराज की स्मृति को जोड़ने वाली इस यात्रा का आगरा क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया जाएगा। मशाल जुलूस की भव्य अगवानी भी की जाएगी।

**इनकी रही मौजूदगी**

प्रेस वार्ता के दौरान समर्थ गुरु रामदास एवं छत्रपति शिवराय प्रतिष्ठान आगर की महामंत्री, डॉ सिमरन उपाध्याय, गरुड़झेप मुहिम के संस्थापक आभा मारुति गोले, उपाध्यक्ष विजय गोयल, मुकुल सुवानी, संयोजक डॉ. सपना गोयल,पीएम पाण्डे, संजय जैन (प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय के प्रतिनिधि), आदि मौजूद थे।

## बृजमोहन गुप्ता के नेत्रदान से दो जिन्दगियां होगी रोशन

**आगरा** एनएनआई। ट्रांस जमुना निवासी बृजमोहन गुप्ता (74)के नेत्रदान किये जाने से दो अंधकारमय जिन्दगियों में उजाला होगा।मंगलवार उनके निधन पर परिवारजनों ने क्षेत्र बजाजा कमेटी के महासचिव राजीव से नेत्रदान ने लिये सम्पर्क किया।सूचना पर एस.एन. की आई बैक इंचार्ज डा.शेफाली मजूमदार के निर्देशन में ग्रीफ काउंसिलर दीपक शर्मा व डाक्टर टीम द्वारा नेत्रदान प्रकिया पूरी हुई। कमेटी के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल, नेत्रदान प्रभारी विशनू जैन व मीडिया प्रभारी नंदकिशोर गोयल ने औरों से भी नेत्रदान अभियान से जुड़ने की अपील की है।नेत्रदान के लिए 9319809451 पर सम्पर्क किया जा सकता है।



## 18 से 31 अगस्त तक चलेगा ब्रेनबी नेशनल ओलम्पियाड 2025

- ओलम्पियाड में देश के 17 प्रांतों के 25 हजार से अधिक विद्यार्थी लेंगे भाग



**आगरा** एनएनआई। 18 से 31 अगस्त तक चलने वाले ब्रेनबी नेशनल ओलम्पियाड में विजेता प्रतिभागियों के लिए पुरस्कारों की बौछार होगी। ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरह से विद्यार्थी इसमें भाग ले सकते हैं। विद्यार्थी ओलम्पियाड में जहां ऑफलाइन परीक्षा दे सकेंगे वहीं अन्य शहरों व प्रांतों के विद्यार्थी किसी कारणवश परीक्षा छूटे जाने की स्थिति में ऑन लाइन परीक्षा दे सकेंगे।

ओलम्पियाड में देश के 17 प्रांतों के 5 से 15 वर्ष तक के लगभग 25 हजार से ऊपर विद्यार्थी भाग लेंगे और चुटकियों में जटिल से जटिल सवालों को हल करते नजर आएंगे।

ब्रेनबी की निर्देशिका सोनाली खंडेलवाल ने बताया कि ब्रेनबी नेशनल ओलम्पियाड राष्ट्रीय स्तर का एक यूनिक और क्रिएटिव ओलंपियाड है। बाकी सभी और प्रतियोगिताएँ ज्यादातर ऐकडेमिक बेस्ड होती हैं। इससी वजह से बच्चे बहुत अधिक संख्या में रुचि दिखा रहे हैं व भाग लेने के लिए आतुर हैं। सोनाली खंडेलवाल ने बताया कि इसमे चार वर्गों (ड्राइंग एंड कलरिंग, हेंडराइटिंग, मैंटल मैथ, जनरल नॉलिज) में उम्र व कक्षा के अनुरूप 20 कैटेगरी में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। रजिस्ट्रेशन से सम्बंधिक जानकारी विद्यार्थी फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब व लिंकेड इन व ब्रैनबी.इन वेबसाइट से प्राप्त कर सकते हैं।

देश के टॉप विद्यार्थियों को बीएसए साइकिल जैसे आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।20 वर्गों में टॉप विद्यार्थियों को ट्राफी व सभी विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा। 5000 गोल्ड व सिल्वर मेडल प्रदान किए जाएंगे। सभी प्रतिभागियों को नेशनल रैंक व सर्टिफिकेट्स प्रदान किए जाएँगे । सोनाली खंडेलवाल ने बताया कि इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य बच्चों में आत्म विश्वास जागृत करना है । उन्होंने कहा कि बचपन की छोटी छोटी सफलताएँ बड़े होकर बड़ी सफलताओं में परिवर्तित होती हैं ।

## समर्पण ने राहगीरों को बांटे 500 कपड़े के थैले

एनएनआई



**आगरा।** पर्यावरण संरक्षण और प्लास्टिक मुक्त भारत की दिशा में एक कदम बढ़ाते हुए भारत विकास परिषद समर्पण शाखा द्वारा कपड़े के थैलों का वितरण बल्केश्वर स्थित सब्जी मंडी पर किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रांतीय संगठन सचिव डॉ अमित अग्रवाल, प्रांतीय पर्यावरण संयुक्त महासचिव नरेन्द्र गुप्ता और अध्यक्ष विजित गुप्ता ने की। सचिव नवनीत गर्ग ने कहा कि प्लास्टिक हमारे पर्यावरण के लिए घातक है। ऐसे में कपड़े के थैले पर्यावरण के अनुकूल विकल्प हैं, जो बार-बार उपयोग किए जा सकते हैं और प्रदूषण भी नहीं करते।

वित्त सचिव संजीव मित्तल ने बताया कि पॉलिथिन हटाओ, पर्यावरण बचाओ के संदेश के साथ कपड़े के थैले प्रयोग में लाने का संकल्प लिया। जागरूकता कार्यक्रम में 500 कपड़े के थैलो का वितरण राहगीरों और दुकानदारों को किया गया। इस पहल की स्थानीय नागरिकों ने सराहना की और भविष्य में भी ऐसे प्रयासों को समर्थन देने की बात कही। इस अवसर पर कार्यक्रम प्रभारी देवेंद्र मंडलस, अनिल गुप्ता, समीर जैन, विमलेश मंडलस, मधु गुप्ता, उमेश गोयल धर्म, निशी दौनेरिया, संजीव दौनेरिया, जगदीश मित्तल, नितिन गोयल आदि मौजूद रहे।

## होली पब्लिक जूनियर कॉलेज में गठित हुई छात्र परिषद

एनएनआई




**आगरा।** होली पब्लिक जूनियर कॉलेज में छात्र परिषद का गठन किया गया। शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए छात्र परिषद का गठन एक भव्य अलंकरण एवं शपथ ग्रहण समारोह में किया गया।

समारोह की अध्यक्षता विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती सोनिका चौहान ने की। उन्होंने सभी नव-निर्वाचित छात्र परिषद के सदस्यों को स्कूल कॉर्डिनेटर ज्योति शर्मा के साथ बैज लगाकर सम्मानित किया तथा उन्हें कर्तव्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका स्वेता उप्रेती द्वारा किया गया।

इस वर्ष छात्र परिषद का गठन मतदान प्रक्रिया द्वारा किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रिपब्लिक पार्टी ने बहुमत से विजय प्राप्त की। "विद्यालय में छात्र कैबिनेट के गठन हेतु मतदान प्रक्रिया आयोजित कराने का विचार विद्यालय के निदेशक श्री शम्मी तोमर द्वारा प्रस्तावित किया गया था, तथा सम्पूर्ण चुनाव प्रक्रिया का संचालन एवं निर्देशन शिक्षिका आकांक्षा भदौरिया द्वारा किया गया।" इस लोकतांत्रिक प्रक्रिया के माध्यम से विद्यार्थियों ने मतदान के महत्व तथा जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में एक महत्वपूर्ण अनुभव प्राप्त किया।

NNI हर खबर पर पक्की नज़र | न्यूज नेक्स्ट इंडिया


# बाह को बनाया जाए जिला बटेश्वर हो मुख्यालय



- ट्रैक्टर मार्च के बाद भाकियू ने एसडीएम को सौंपे मुख्यमंत्री एवं डीएम को संबोधित ज्ञापन

एनएनआई

**बाह।** भदरौली से बाह तक बुधवार को निकाले गये भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के ट्रैक्टर मार्च में बाह को जिला बनाए जाने, स्टेडियम एवं फतेहाबाद तक फोर लेन सड़क के निर्माण की आवाज की गूंज सुनाई दी। पूर्वान्ह 11 बजे भदरौली से शुरू हुए ट्रैक्टर मार्च में पुरा कनेरा, होलीपुरा, चौसिंगी, फरैरा, भाऊपुरा, नरहौली, जरार से ग्रामीण किसानों का कारवां बढ़ता गया। बाह में धरना प्रदर्शन स्थल पर पहुंचे एसडीएम हेमंत कुमार, तहसीलदार संपूर्ण कुलश्रेष्ठ को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष राजवीर लवानिया ने बताया कि ज्ञापन में बाह को जिला एवं बटेश्वर को जिला मुख्यालय बनाए जाने की मांग रखी है। जिससे यमुना, चंबल, उटंगन के बीहड़ से घिरे क्षेत्र का विकास हो सके। बाह में लंबित स्टेडियम की मांग पूरी हो, जिससे युवा खेल प्रतिभाओं को अभ्यास करने, आगे बढ़ने के अवसर मिल सकें। आगरा से फतेहाबाद की तर्ज पर फतेहाबाद से बाह तक फोर लेन सड़क का निर्माण हो, गंगाजल परियोजना के काम में तेजी लाई जाए। उन्होंने बताया कि जिले के कई क्षेत्रों में खारे पानी की समस्या है। पानी को शुद्ध करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। डीएपी यूरिया की किल्लत का जिक्र कर समितियों पर पर्याप्त मात्रा में खाद की उपलब्धता हो। कालाबाजारी पर प्रभावी रोक लगे। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष वेदप्रकाश पचौरी, मान सिंह यादव, जिला सचिव भूपेन्द्र सिंह चौहान, अभिषेक तारौलिया, धन सिंह भदौरिया, उदय सिंह नरवरिया, दिलीप जादौन, देवेन्द्र तोमर, गर्वनर सिंह तोमर, प्रमोद सैथिया, रामसेवक, गंगादीन, राजेन्द्र सिंह तोमर आदि रहे।

भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) ने दूसरा डीएम को संबोधित ज्ञापन दिया। जिसमें गोसंरक्षण योजना में लापरवाही का मामला उठाया। राटौटी की गोशाला में गोवंश की मृत्यु के बाद देखभाल करने वालों पर कार्यवाही की मांग की गई। जिलाध्यक्ष राजवीर लवानिया ने बताया कि उदयपुर खुर्द, नरहौली, बेसंगपुरा, चौरंगाहार, जरार, मुड़ियापुरा के चक मार्ग कब्जा मुक्त हों, उनके विकास की मांग रखी है। राटौटी के अमृत सरोवर, अभयपुरा में पौध रोपण के नाम पर हुए कब्जे, बरपुरा में बंजर भूमि, नरहौली, भाऊपुरा में श्मसानघाट पर हुए कब्जे के मामले उठा कर कब्जा मुक्त कराए जाने की मांग रखी है।

# बटेश्वर में विकास की धीमी गति पर उपनिदेशक ने जताई नाराजगी

- नये प्रोजेक्ट के लिए देखी जमीन, बटेश्वर में मंदिर कारीडोर
- घाटों का हो रहा विकास, सहेजी जाएंगी अटल जी से जुड़ी यादें

एनएनआई



**बाह।** बटेश्वर में 106 करोड़ की लागत से कारीडोर, मंदिर और घाटों के विकास का काम हो रहा है। उपनिदेशक पर्यटन आगरा शक्ति सिंह ने बुधवार को विरासत के विकास की धीमी गति पर नाराजगी जताई। उन्होंने केन्द्र सरकार द्वारा मंजूर किए गये 74 करोड़ के नये प्रोजेक्ट के लिए जमीन का स्थलीय निरीक्षण भी किया। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह बटेश्वर की विरासत के संरक्षण को 106 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया था। बटेश्वर मंदिर कारीडोर, 15 घाटों एवं 13 मंदिरों के संरक्षण का काम प्रगति पर है। 12.50 करोड़ की लागत से अटल संकुल केन्द्र का निर्माण एवं लोकार्पण हो चुका है। फसाड लाइटें लगाने का काम भी प्रगति पर है। कुंड का निर्माण होना है। विरासत के विकास के साथ ही पर्यटन के मानचित्र पर बटेश्वर को दर्ज करने के लिए केन्द्र सरकार ने 74 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं। जिसमें नटराज प्रांगण, अटल जी के घर को स्मारक के रूप में विकसित किए जाने, 65 फीट ऊंची उनकी प्रतिमा लगाए जाने आदि काम होने हैं। बुधवार को उपनिदेशक पर्यटन शक्ति सिंह ने मंदिर, घाट, कारीडोर के विकास का स्थलीय निरीक्षण किया। विकास की धीमी गति पर नाराजगी जताई। काम में तेजी लाने के हिदायत दी। 74 करोड़ के नये प्रोजेक्ट के लिए सीएम पर्यटन शोधार्थी अभिनव सिंह, डिजाइनर राहुल जादौन के साथ प्रोजेक्ट के मानचित्र के अनुरूप स्थलीय निरीक्षण किया। जिससे प्रोजेक्ट को अंतिम रूप दिया जा सके। इस दौरान एसपी दुबे, संदीप चौधरी, विशाल श्रीवास्तव, ठेकेदार श्रीनिवास गोयल, बिंटू सिंह, पीयूष गोयल, शैलेन्द्र सिंह, सतेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# हर घर तिरंगा में दिखा छात्रों का उत्साह

एनएनआई

**बाह।** विकास खंड बाह के परिषदीय स्कूलों में हर घर तिरंगा अभियान को लेकर बुधवार को छात्र-छात्राओं में बेहद उत्साह देखने को मिला। बुधवार को मंगदपुर के जूनियर हाईस्कूल के छात्र-छात्राओं ने शिक्षिकाओं रीता भदौरिया, ममता श्रीवास्तव के नेतृत्व में गांव की गलियों में जय हिंद, वंदे मातरम की गूंज के साथ तिरंगा यात्रा निकाली। किला गांव के प्राथमिक विद्यालय में शिक्षिकाओं बुसरा रहमानी, साधना गौतम, आरती बंसल, रूबी बोहरे, उमा बरुआ ने छात्र-छात्राओं को आजादी के उत्सव को लेकर जागरुक एवं प्रेरित किया। बाह के जूनियर हाईस्कूल में रतन सिंह, अशोक कुमार, सविता ने हर घर तिरंगा अभियान और आजादी के उत्सव को लेकर छात्र-छात्राओं को तैयारी कराई। जरार के जूनियर हाईस्कूल में मान सिंह, अजीत वीरेन्द्र सिंह, गोविंद शर्मा, बबीता त्यागी, पूजा शर्मा आदि ने हर घर तिरंगा अभियान को लेकर छात्र-छात्राओं में जोश भरा।



# बालिकाओं को अगवा कर दुष्कर्म के मामले में दो गिरफ्तार

**फतेहपुर सीकरी** एनएनआई। थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव की दो बालिकाओं को अगवा कर दुष्कर्म करने के मामले में दो को गिरफ्तार किया गया है। 4 अगस्त को मंदिर में पूजा करने एवं मेला देखने आई 13 वर्षीय व 15 वर्षीय बालिकाओं को मामा भांजे द्वारा अगवा कर लिया गया था। बालिकाओं के शाम तक घर नहीं पहुंचने पर खोजबीन करने के पश्चात देर शाम घटना की तहरीर दी गई थी। मुकदमा दर्ज करने के पश्चात राजस्थान क्षेत्र में कई स्थानों पर दविश दी गई थी। 11 अगस्त सोमवार को दोनों बालिकाओं को बरामद किया गया था।

# सहकारी समितियां पर खाद के लिए मारामारी

**फतेहपुर सीकरी** एनएनआई। कस्बा की साधन सहकारी समिति पर यूरिया खाद लेने वालों की भीड़ लगी रही। सहकारी कर्मियों ने खतौनी एवं आधार की फोटोकॉपी लेकर ट्रक से ही सीधे खाद का वितरण किया। समिति पर 45 टन 1000 बैग यूरिया खाद का वितरण किया गया।

बता दे कि बुधवार को कस्बे मे यूरिया खाद के लिए किसानों में मारामारी मची रही। ब्लॉक क्षेत्र की सहकारी समिति सामरा -जाजौली, सहकारी समिति मंडी मिर्जा, सहकारी समिति रसूलपुर, सहकारी समिति कौरई, सहकारी समिति उन्देरा एवं दूरा सहकारी समिति पर काफी दिनों से यूरिया खाद की आमद नहीं हुई है।



खेतों में फसल अंकुरित होने के पश्चात फसल की बढ़ोतरी के लिए यूरिया खाद का उपयोग किया जाता है। सहकारी समिति सचिव रमाकांत शर्मा के अनुसार यूरिया खाद के 500 बैग मंगलवार को आए थे 500 बुधवार को मिले हैं। ब्लॉक क्षेत्र के अंतर्गत किसी भी समिति क्षेत्र के किसानों को यूरिया खाद उपलब्ध करा दिया गया है।

# उफान के बाद उतरी यमुना, बाढ़ का खतरा टला

एनएनआई

**बाह।** उफान के बाद बुधवार को यमुना नदी के जलस्तर में लगातार दूसरे दिन गिरावट दर्ज हुई है। यमुना का जलस्तर उतरने के साथ ही नदी किनारे के गांवों में बाढ़ का खतरा टलने पर ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। लेकिन कछार के खेतों में बाजरा, तिल और सब्जियों की फसल में अभी भी पानी भरा है। विभिन्न बांधों से छोड़े गये पानी के चलते बाह में यमुना नदी में सोमवार तक जारी रहे उफान से तराई के गांव बिक्रमपुर कछार, बिठौली, गगनकी, सुंसार, चरीथा, बाग गुड़ियाना तक पानी पहुंचने का खतरा पैदा हो गया था। कछार के खेतों में उफान के पानी में डूबी बाजरा, तिल और सब्जियों की



फसलों के सड़ने के अंदेशे से किसान चिंतित हैं। उफान के चलते प्रशासन को बचाव और राहत के लिए 5 बाढ़ चौकियां बटेश्वर, बिक्रमपुर, पारना, कचौराघाट, रामपुर चंद्रसेनी बनानी पड़ी थी। बाह के एसडीएम हेमंत कुमार ने बताया कि बुधवार को भी यमुना नदी के जलस्तर में गिरावट जारी है। उफान से आबादी प्रभावित नहीं हुई है। कछार के कुछ खेतों में पानी जरूर भरा है। नदी के जलस्तर पर अभी भी नजर रखी जा रही है।

## संपादकीय

# किसकी साख दांव पर!

भारतीय सेना की पहचान उसकी बहादुरी और साहस के साथ साथ यह भी है कि वह पूरी तरह से अराजनीतिक है। पिछले कुछ समय से भारत में एक एक करके सारी संस्थाओं की साख कम या खत्म होती जा रही है। कार्यपालिका और विधायिका की साख काफी पहले से खराब होनी शुरू हो गई थी और राजनीतिक कारणों से पिछले कुछ समय से न्यायपालिका की साख पर भी गंभीर संकट खड़ा हो गया है। सेना ही एकमात्र संस्था है, जिस पर अब भी देश के लोगों का यकीन है। उसकी साख सौ फीसदी सुरक्षित है। अब भारत में भी ऐसा लग रहा है कि राजनीतिक फायदे के लिए सेना की साख दांव पर लगाने की शुरूआत हो गई है। सेना की साख का इस्तेमाल लोकप्रिय राजनीतिक विमर्श को प्रभावित करने के लिए किया जा रहा है। ऑपरेशन सिंदूर के तीन महीने बाद वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमरप्रीत सिंह और थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने इस सैन्य अभियान के बारे में जानकारी देते हुए जैसी बातें कही हैं उस पर सवाल खड़े हो रहे हैं। एयर चीफ मार्शल अमरप्रीत सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता की कहानी बताते हुए कहा, सफलता का एक प्रमुख कारण राजनीतिक इच्छाशक्ति का होना था। हमें बहुत स्पष्ट निर्देश दिए गए थे। हम पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाए गए। हमें योजना बनाने और उसे लागू करने की पूरी आजादी थी। उन्होंने बालाकोट का भी जिक्र किया। थल सेना प्रमुख ने भी कहा, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सरकार ने हमें फ्री हैंड दिया था। एक बड़ा सवाल यह है कि ऑपरेशन सिंदूर के बारे में तीन महीने बाद ऐसी बातें बताने का क्या मतलब है? ऑपरेशन सिंदूर के दौरान विदेश सचिव के साथ दो महिला सैन्य अधिकारी प्रेस कॉन्फ्रेंस में सारी जानकारी दे रहे थे या सीजफायर के बाद सेना के तीनों अंगों के वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके ऑपरेशन सिंदूर की एक एक बारीकी समझाई। तकनीकी बातों की भी जानकारी दी गई। लेकिन यह नहीं कहा गया कि सेना को फ्री हैंड दिया गया या राजनीतिक नेतृत्व की इच्छाशक्ति के कारण सेना को कामयाबी मिली। क्या अब ऐसा कहना सेना की अपनी क्षमताओं को कमतर करके दिखाना नहीं है? यह सवाल भी है कि सैन्य अधिकारियों का बयान स्वतःस्फूर्त था या किसी खास मकसद से बयान दिलाया गया? यह राजनीतिक नैरेटिव का हिस्सा लग रहा है, इसका संकेत दो बातों से मिलता है। पहली बात, राजनीतिक इच्छाशक्ति की बात अचानक क्यों आई? क्या यह जकार्ता में भारत के डिफेंस अताशे कैप्टेन शिवकुमार की बात से बिगड़े नैरेटिव को ठीक करने का प्रयास है? उन्होंने जकार्ता में एक व्याख्यान के दौरान कहा था, राजनीतिक नेतृत्व द्वारा तय निर्देशों के कारण ऑपरेशन के शुरूआती चरण में भारतीय वायु सेना पाक सैन्य ठिकानों पर हमला नहीं कर सकी। हमने कुछ विमान खोए। राजनीतिक नेतृत्व से सैन्य प्रतिष्ठानों या उनकी वायु रक्षा प्रणाली पर हमला न करने का निर्देश था। इसी से मिलती जुलती बात सिंगापुर में सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने भी कही थी। उन्होंने भी कहा था कि ऑपरेशन शुरू होते ही भारत को कुछ नुकसान हुआ लेकिन उसके बाद भारत ने अपनी तैयारियां दुरुस्त करके जोरदार हमला किया और पाकिस्तान को घुटनों पर ला दिया। इन दोनों सैन्य अधिकारियों के बयानों के बाद राजनीतिक नेतृत्व की इच्छाशक्ति पर गंभीर सवाल उठ रहे थे। ऐसा लग रहा है कि वायु सेना प्रमुख के बयान से उन सवालों को शांत करने की कोशिश हुई है। सवाल है कि जब प्रधानमंत्री, रक्षा मंत्री, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार और अन्य लोग लगातार ऑपरेशन सिंदूर को लेकर बयान दे रहे थे तो फिर सैन्य अधिकारियों के बयान की क्या जरुरत थी? क्या सरकार को लग रहा है कि देश के लोगों को प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री की बातों पर यकीन नहीं है इसलिए सैन्य अधिकारियों से बयान दिलाया गया है? क्या आननफानन में हुए सीजफायर और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बार बार किए जा रहे दावों की वजह से ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी के नैरेटिव पर संदेह पैदा हो रहा है और इस वजह से सेना की साख दांव पर लगाई जा रही है? सैन्य अधिकारियों के बयानों से ऐसे अनगिनत सवाल खड़े हुए हैं। सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान नैरेटिव मैनेजमेंट के जरिए अपने नागरिकों को बताने में कामयाब रहा कि जीत उसकी हुई है, लेकिन यह जीत सिर्फ उनके दिमाग में है। उन्होंने स्वीकार किया कि अनुकूल धारणाएं बनाना (नैरेटिव मैनेजमेंट) महत्त्वपूर्ण है, क्योंकि जीत हमेशा ही दिमाग में रहने वाली चीज है। इसका अर्थ है कि ऑपरेशन सिंदूर पाकिस्तानी आवाम के मनोबल पर अपेक्षित आघात नहीं कर पाया। बल्कि पाकिस्तान के नैरेटिव मैनेजमेंट का असर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी दिखा। मुद्दा यह है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत अपने अनुकूल धारणाएं बनाने में क्यों पिछड़ गया? वायु सेनाध्यक्ष ए.पी. सिंह ने अब जाकर कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने छह पाकिस्तानी लड़ाकू विमानों को नष्ट कर दिया। आखिर इतनी बड़ी कामयाबी को तीन महीनों तक भारत ने छिपा कर क्यों रखा, जबकि इससे विश्व धारणाओं पर गहरा प्रभाव छोड़ा जा सकता था? पर ये बातें सीडीएस अनिल चौहान और भारतीय नौ सेना के अधिकारी कैप्टन शिव कुमार के पहले दिए बयानों से अलग दिशा में जाती दिखी हैं। क्या ऐसी असंगतियां धारणाओं की लड़ाई जीतने की राह में बाधक नहीं हैं?युद्धविराम के तीन माह बाद अचानक ही कोई सेना प्रमुख संघर्ष के खुलासे नहीं करता। शीर्ष राजनीतिक नेतृत्व के आदेश के बिना सेना प्रमुख ऐसे खुलासे नहीं कर सकते, अभी संसद सत्र जारी है। संसद के बाहर इतने महत्वपूर्ण खुलासे किए जाते हैं, तो वह संसद का अपमान भी है, क्योंकि हमारे देश में संसद ही सुप्रीम है। क्या इन खुलासों को आधार बना कर प्रधानमंत्री मोदी 15 अगस्त को देश को संबोधित कर सकते हैं?

# युवोत्सव में दिखी भारतीय संस्कृति

एनएनआई




**आगरा।** डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा में 91वें दीक्षांत समारोह के अवसर पर आयोजित "दीक्षोत्सव 2025" श्रृंखला के दूसरे दिन "युवोत्सव 2025-26" के अंतर्गत विभिन्न सांस्कृतिक एवं साहित्यिक प्रतियोगिताओं का भव्य आयोजन किया गया।

श्री पन्ना लाल अंग्रेजी वाद-विवाद प्रतियोगिता में सेन्ट जॉन्स कॉलेज, आगरा की हिबा जाफरी एवं बैकुन्ठी देवी कन्या महाविद्यालय की संस्कृति राठी संयुक्त रूप से प्रथम स्थान पर रहीं। निबन्ध प्रतियोगिता में के.आर. कॉलेज, मथुरा के रोहित कुशवाह ने प्रथम, दाऊ दयाल महिला महाविद्यालय, फिरोजाबाद की हर्षिता सिंह ने द्वितीय एवं आई.ओ.पी. वृन्दावन के लक्ष्मी नारायण तिवारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

क्विज प्रतियोगिता में बैकुन्ठी देवी कन्या महाविद्यालय की रिया अग्रवाल प्रथम, सेन्ट जॉन्स कॉलेज, आगरा के आशुतोष कुमार द्वितीय और आर बी एस. कॉलेज, आगरा के सोनू शर्मा तृतीय स्थान पर रहे।

वॉक प्रतियोगिता में सेन्ट जॉन्स कॉलेज, आगरा की निधि ने प्रथम, आगरा कॉलेज, आगरा की इला शर्मा ने द्वितीय एवं स्कूल ऑफ लाइफ साइंस संस्थान की सिद्धिदात्री शुक्ला ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत समूह गायन प्रतियोगिता में 11 टीमों ने भाग लिया। सेन्ट जॉन्स कॉलेज, आगरा की टीम प्रथम, आर.बी.एस. कॉलेज, आगरा की टीम द्वितीय एवं ललित कला संस्थान की टीम तृतीय स्थान पर रही।

समूह लोक नृत्य प्रतियोगिता में 6 टीमों ने प्रतिभाग किया। आगरा कॉलेज, आगरा की टीम प्रथम, आर.बी.एस. कॉलेज, आगरा की टीम द्वितीय एवं बैकुन्ठी देवी कन्या महाविद्यालय की टीम तृतीय स्थान पर रही। संपूर्ण कार्यक्रमों के पश्चात प्रो. एस.के. जैन ने धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने बताया कि सभी विजेताओं को युवा समारोह के द्वितीय चरण के उपरांत आयोजित होने वाले विशेष कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा।

# 'दीक्षा उत्सव खेल प्रतियोगिताओं' में दिखा टैलेंट

एनएनआई



**आगरा।** डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा के शैक्षणिक सत्र 2024-25 के अंतर्गत दीक्षांत समारोह का आयोजन 20 अगस्त 2025 को किया जा रहा है। विश्वविद्यालय के नेताजी सुभाष चंद्र बोस छलेसर परिसर में माननीय कुलपति प्रो आशु रानी जी के अध्यक्षता में दीक्षांत समारोह के पूर्व आयोजित दो दिवसीय "दीक्षा उत्सव पारंपरिक खेल प्रतियोगिताओं" का आज बुधवार 13 अगस्त को भव्य समापन समारोह सम्पन्न हुआ। विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता का उद्देश्य भारतीय संस्कृति और विरासत से जुड़े पारंपरिक खेलों को पुनर्जीवित करना और नई पीढ़ी में उनके प्रति जागरूकता बढ़ाना था।

समापन समारोह की शुरूआत कुलगीत एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई जिसमें माननीय कुलपति जी, शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद विभाग निदेशक डॉ अखिलेश चंद्र सक्सेना और अन्य गणमान्य उपस्थिति रहे। सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कुलपति महोदया ने अपने संबोधन में कहा कि पारंपरिक खेल न केवल हमारे सांस्कृतिक मूल्यों के प्रतीक हैं, बल्कि ये युवाओं के सर्वांगीण विकास में भी सहायक होते हैं। जीवन की व्यस्तता के बीच यह पारंपरिक खेल हमें खुशी देते हैं और हमारे बचपन की तरफ हमें वापस ले जाते हैं, जो हमारे मानसिक स्वास्थ्य को भी बनाए रखते हैं। प्रतियोगिता के दूसरे चरण में पुरुष/महिला दोनों वर्ग विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इन खेलों में विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों और महाविद्यालयों से आई टीमों ने पूरे जोश के साथ भाग लिया।

# विवि में 'हर घर तिरंगा' पर हुआ म्यूजिक कंसर्ट

**आगरा** एनएनआई। डॉ भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय आगरा द्वारा "हर घर तिरंगा" कार्यक्रम के अन्तर्गत म्यूजिक कंसर्ट कार्यक्रम कुलपति प्रो आशु रानी के संरक्षण में जे.पी.सभागार में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन विद्यार्थियों में देश भक्ति का अलख जगाने तथा तिरंगे के साथ व्यक्तिगत और भावनात्मक सम्बन्ध बनाने के लिये प्रोत्साहित करना है एवं राष्ट्रवाद की भावना जगाने और उन्हें अपने घरो पर गर्व के साथ तिरंगा फहराने के लिये प्रेरित करना है। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों के 100 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया।

# विवि का एलनहाउस इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के बीच हुआ एमओयू हस्ताक्षरित

एनएनआई



**आगरा।** डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा और एलनहाउस इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, कानपुर के बीच अकादमिक एवं शोध सहयोग के लिए एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित किया गया।

यह एमओयू विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. आशु रानी और एलनहाउस इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के निदेशक प्रो. मनोज कुमार मिश्रा द्वारा हस्ताक्षरित किया गया। इस अवसर पर डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा के आईक्यूएसी निदेशक प्रो. संजय चौधरी तथा एलनहाउस इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, कानपुर के अतिरिक्त निदेशक प्रो. अतुल चतुर्वेदी भी उपस्थित रहे। इस एमओयू के तहत दोनों संस्थान संयुक्त रूप से उच्च गुणवत्ता वाले स्नातक एवं परास्नातक शोध को बढ़ावा देंगे, साथ ही जनसांख्यिकी, अर्थव्यवस्था, सुरक्षा एवं रक्षा, कृषि एवं ग्रामीण अर्थशास्त्र, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, स्टार्टअप ईकोसिस्टम, लघु एवं मध्यम उद्यम, अंतर्राष्ट्रीय व्यापार जैसे क्षेत्रों में सहयोग करेंगे।

एमओयू के उद्देश्यों में छात्रों और शोधकर्ताओं का आदान-प्रदान, शोध प्रकाशनों एवं शैक्षणिक कार्यक्रमों का साझा विकास, इनक्यूबेशन टेक्नोलॉजी और स्टार्टअप को प्रोत्साहन, संयुक्त शोध परियोजनाओं का संचालन तथा संगोष्ठियों, सेमिनारों और कार्यशालाओं का आयोजन शामिल है। दोनों संस्थान एक-दूसरे की लाइब्रेरी, शोध उपकरण और प्रयोगशालाओं की सुविधाएं भी साझा करेंगे, जिससे छात्रों, शोधार्थियों और संकाय सदस्यों को व्यापक शोध अवसर प्राप्त होंगे। यह सहयोग पारस्परिक सहमति और स्पष्ट शर्तों के आधार पर लागू किया जाएगा।

## गरमागरम मुद्दा

# बॉलीवुड ने मुझे कभी ऐसे रोल नहीं दिए..



यह कहने की जरूरत नहीं कि साउथ फिल्म इंडस्ट्री से करियर शुरू करने वाली कई अभिनेत्रियाँ वहीं से बॉलीवुड का रुख करती हैं। हालाँकि, कुछ अभिनेत्रियाँ, जिन्होंने अब तक साउथ में ग्लैमरस भूमिकाओं में अपना सफल करियर बनाया है, शिकायत करती हैं कि बॉलीवुड में आने के बाद साउथ फिल्म इंडस्ट्री ने उनके हुनर को कभी पहचाना नहीं क्योंकि उन्हें यहाँ ऑफर नहीं मिले। हालाँकि, पूजा हेगड़े की इस मामले में राय अलग है। मुंबई की खूबसूरत अभिनेत्री पूजा हेगड़े ने फिल्म मुकुंदा से तेलुगु दर्शकों को अपना दीवाना बना लिया। कम समय में तेलुगु में जबरदस्त प्रशंसक बनाने वाली यह हसीना इन दिनों लगातार फिल्मों में व्यस्त हैं। पूजा हेगड़े, जिन्होंने 'एफ3' के बाद तेलुगु में कोई और फिल्म नहीं की है, पिछले कुछ समय से तमिल में व्यस्त हैं और हिंदी में भी काम कर रही हैं, लेकिन इस अभिनेत्री के लिए मौके कम होते जा रहे हैं। हालांकि, इन दक्षिण भारतीय फिल्मों पर पूजा हेगड़े की टिप्पणी अब चर्चा का विषय बन गई है। उन्होंने कहा कि बॉलीवुड ने उन्हें कभी दमदार भूमिकाएँ नहीं दीं और उन्हें सिर्फ.एक ग्लैमरस नायिका के रूप में ही देखा। बॉलीवुड में उन्हें जो भूमिकाएँ मिलीं, वे ज्यादा यादगार नहीं रहीं। हालाँकि, साउथ सिनेमा ने उन्हें बेहतरीन स्क्रिप्ट के साथ-साथ चुनौतीपूर्ण भूमिकाएँ भी दीं और दक्षिण भारतीय फिल्म उद्योग को आसमान छू लिया। हालाँकि, पूजा हेगड़े ने कार्तिक सुब्बाराजू द्वारा निर्देशित फिल्म रेट्रो पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि रेट्रो में उन्होंने एक बेहतरीन भूमिका निभाई जिसने उनके अभिनय कौशल को उजागर किया। उन्होंने मन ही मन कहा कि अगर भविष्य में ऐसे रोल मिले, तो वह जरूर करना चाहेंगी। और क्या? देखना यह है कि क्या आने वाले दिनों में कोई निर्देशक या निमार्ता पूजा हेगड़े के पास उनकी पसंद के रोल लेकर आता है। रजनीकांत की कुली में मोनिका गाने में पूजा हेगड़े अपना जलवा बिखेरेंगी।

## शिल्पा शिरोडकर की गाड़ी को बस ने मारी टक्कर

### एक्ट्रेस बोलीं- कुछ भी हो सकता था

बिग बॉस फेम शिल्पा शिरोडकर की गाड़ी को एक बस ने टक्कर मार दी है मुंबई में। अच्छी बात यह है कि किसी को कोई नुकसान नहीं हुआ है। एक्ट्रेस ने हालांकि फिर शिकायत की है कि बस कंपनी ने इस एक्सीडेंट की जिम्मेदारी नहीं ली है और इससे वह काफी नाराज हैं। उन्होंने फिर मुंबई पुलिस को मदद करने के लिए शुक्रिया कहा है। किससे



नाराज हैं शिल्पा शिल्पा ने इंस्टाग्राम पर अपनी गाड़ी की फोटो शेयर की है जिस पर बस ने टक्कर मारी है। शिल्पा ने फोटोज शेयर कर लिखा, 'एक सिटीफ्लो बस मेरी कार से टकरा गई और मुंबई के ऑफिस को रिप्रजेंट करने वाले योगेश कदम और श्री विलास मनकोटे मुझे बता रहे हैं कि यह उनकी कंपनी की जिम्मेदारी नहीं है। यह ड्राइवर की जिम्मेदारी है। इतना गैर जिम्मेदार कोई कैसे हो सकता है। एक ड्राइवर कितना कमा रहा होगा।' मुंबई पुलिस को कहा थैंक्स शिल्पा ने आगे लिखा, 'थैंक्स टू मुंबई पुलिस, उन्होंने मेरी शिकायत दर्ज की। लेकिन कंपनी इसकी जिम्मेदारी नहीं ले रही थी। अच्छी बात यह है कि मेरा स्टफ सेफ है, लेकिन कुछ भी हो सकता था।' शिल्पा की फिल्में और शोज शिल्पा के बारे में बता दें कि वह रमेश सिप्पी की फिल्म भ्रष्टाचार से डेब्यू किया था। इस फिल्म में उनके साथ मिथुन चक्रवर्ती और रेखा भी थे। इसके बाद वह खुदा गवाह, आंखें, पहचान, गोपी किशन, बेवफा सनम फिल्मों में भी काम कर चुकी हैं। लास्ट वह साल 2000 में रिलीज हुई फिल्म गजगामिनी में नजर आई थीं। 2013 के बाद फिर उन्होंने टीवी की तरफ रुख लिया और कई शोज में काम किया। वहीं 2024 में वह बिग बॉस 18 में नजर आई थीं। अब वह अपने पहले वेब प्रोजेक्ट शंकर में नजर आने वाली हैं। यह आदि शंकराचार्य की बायोपिक पर है। वह आदि शंकराचार्य की मां का किरदार निभाएंगी।

## नेशनल हैंडलूम डे पर डिजाइनर कांति नेगी को मिला सम्मान



हैण्डनीट इंडिया की डिजाइनर कांति नेगी को गोवा में आयोजित नेशनल हैंडलूम डे पर सम्मानित किया गया। कांति नेगी ने अपने द्वारा डिजाइन किये गए हाथ के बुने परिधानों का प्रदर्शन, गोवा में आयोजित फैशन शो में हुआ। इस फैशन शो में करीब 50 फैशन डिजाइनर अपने परिधानों को ले कर उपस्तित थे।



हैण्डनीट इंडिया- उत्तर भारत की उन महिलाओं का प्रतिनिधित्व करता है-जो अपने जीवन यापन और आत्मनिर्भर बनने के लिए हाथ के परिधान बुनती हैं। ये महिला करीब १५०० हैं और आत्मनिर्भरता के मार्ग पर हैं। इनकी ट्रेनिंग, बुनने का सामान से लेकर बेचने का दायित्व हैण्डनीट इंडिया ने लिया हुआ है। एनजीओ सेक्टर में कार्यरत हैण्ड नीट इंडिया ने देश का पहला रिटेल आउटलेट -आगरा के ताज व्यू होटल में खोला है। यहाँ विदेशी और भारतीय टूरिस्ट आते हैं, उम्मीद है के इन महिलाओं के बनाये हुए उत्पादों को पसंद किया जायेगा। यह आगरा के लिए फक्र की बात है। रिटेल आउटलेट को डिजाइनर सुश्री कांति संभालती है। आउटलेट की प्रगति को देख कर अन्य शहरों में भी आउटलेट खोलने का प्रयास रहेगा। साथ ही आगरा में भी हाथ के बुने परिधानों को बुनने की ट्रेनिंग देने पर कार्य करने का विचार होगा। गोवा में इंटरनेशनल डिजाइनर रीना ढाका और रुमा देवी ने मोमेंटो दे कर सम्मानित किया। दोनों डिजाइनर हाथ के बुने वस्त्र देख कर अच्चाम्बित थीं के हाथ के बुने परिधान इतने सुंदर, फिट और फैशन के अनुरूप हो सकते हैं। रीना ढाका फैशन की दुनिया का बड़ा नाम हैं। रुमा देवी ने रूढ़िवादिता से संघर्ष कर देश विदेश में फैशन परिधानों का व्यापार स्थापित किया है। वो राजस्थानी कपडे पहन कर देश विदेश में भाग लेती हैं। यह फैशन शो वर्ल्ड डिजाईन फोरम द्वारा 6 और 7 अगस्त, 20-25 को गोवा में आयोजित किया गया था ।

# ‘खून और पानी एक साथ नहीं बह सकते’

## एशिया कप 2025 में हरभजन सिंह नहीं चाहते भारत-पाक का मुकाबला

**नई दिल्ली।** टी20 वर्ल्ड कप 2024 के बाद भारत और पाकिस्तान एक दूसरे से भिड़ने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। दोनों के बीच एशिया कप 2025 में मुकाबला होना है। दोनों को ही ग्रुप ए में रखा गया है और ये मुकाबला 14 सितंबर को खेला जाएगा। जब से शेड्यूल का ऐलान हुआ है तब से कई फैंस और क्रिकेट एक्सपर्ट इस मुकाबले के खिलाफ हैं।

भारत और पाकिस्तान के बीच उस वक्त राजनीतिक रिश्ते पूरी तरह खत्म हो गए जब पहलगाम में आतंकी हमले में भारत के कई मासूम लोगों की जान चली गई। इसके बाद ऑपरेशन सिंदूर हुआ और भारत ने पाकिस्तान का करारा जवाब दिया। इस बीच हरभजन सिंह ने अब इस मुकाबले को लेकर बड़ा बयान दिया है।



हरभजन सिंह ने कहा कि, इस मैच को आसानी से अनदेखा किया जा सकता है। हमें ये सोचना होगा कि हमारे जवानों ने बॉर्डर पर कितना संघर्ष किया है। वहीं जब दोनों देशों के बीच बॉर्डर पर काफी ज्यादा टेंशन है तो इसमें क्रिकेट खेलने का कोई मतलब नहीं है।

हरभजन सिंह ने आगे कहा कि, लोगों को समझना होगा कि क्या जरूरी है और क्या नहीं। ये काफी सिंपल है। मेरे लिए जो जवान बॉर्डर पर खड़े रहते हैं, उनका परिवार उन्हें बेहद कम बार देखता है। कई बार वो घर आते हैं और कई बार नहीं आ पाते हैं। ऐसे में उन्होंने देश के लिए जो जान दी है उसकी कीमत कभी नहीं चुकाई जा सकती। ऐसे में इन सब चीजों के आगे क्रिकेट कुछ नहीं है। ये बेहद छोटी चीज है।

पूर्व स्पिनर ने आगे कहा कि, हमारी सरकार भी यही चाहती है। खून और पानी एक साथ नहीं बह सकते। दोनों देशों के बीच फिलहाल सबकुछ खराब है और हमें क्रिकेट खेलना है। जब तक ये चीजें सही नहीं हो जाती तब तक हमें क्रिकेट नहीं खेलना चाहिए।

### देश से बड़ा कुछ नहीं

हरभजन सिंह ने अंत में यही कहा कि, हमारी जो भी पहचान है वो हमारी देश की बदौलत है। चाहे आप खिलाड़ी हैं या फिर एक्टर। देश से बड़ा कुछ नहीं है। हमेशा देश पहले आता है। देश के सामने क्रिकेट मैच खेलना बेहद मामूली चीज है।

# रोहित शर्मा कप्तान, नहीं तो टीम से बाहर होते-इरफान



**नई दिल्ली।** आईपीएल 2025 सीजन के दौरान ही टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा ने इंग्लैंड दौरे से ठीक पहले टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर दिया। रोहित शर्मा की जगह शुभमन गिल टीम इंडिया के नए कप्तान बने और अब फिर से रोहित शर्मा व विराट कोहली को लेकर चर्चाओं का दौर जारी है कि वो 2027 वनडे वर्ल्ड कप तक टीम इंडिया का हिस्सा रहेंगे या नहीं। इस बीच भारत के पूर्व ऑलराउंडर और रोहित शर्मा के साथ कई सालों तक क्रिकेट खेलने वाले इरफान पठान ने अब बड़ा बयान दिया। इरफान पठान ने रोहित शर्मा के साथ सिडनी में हुए इंटरव्यू को याद किया और कहा, लिमिटेड ओवर्स क्रिकेट में रोहित शर्मा एक बहुत ही शानदार खिलाड़ी है। लेकिन पिछले साल रोहित शर्मा का टेस्ट क्रिकेट में औसत करीब छह के आस पास का था। इसलिए हमने कहा था कि वह वो कप्तान नहीं होते तो उनकी टीम में जगह नहीं होती और ये सच बात है। इरफान पठान ने आगे रोहित शर्मा के साथ स्टार स्पोर्ट्स पर लिए गए इंटरव्यू के बारे में बताया कि हमने उनको इसके लिए बुलाया था तो हम उनको बुलाकर उनसे तीखी बातचीत नहीं कर सकते थे। एक ब्रॉडकास्ट टीम का सदस्य होने के नाते वो हमारे लिए एक गेस्ट की तरह थे और अपने गेस्ट से आपको विनम्र रहना होगा। हमने कहा था कि उन्हें लड़ते रहना चाहिए, लेकिन फिर भी, उन्हें प्लेइंग इलेवन में जगह नहीं मिलनी चाहिए थी। अगर वह टीम के कप्तान नहीं होते, तो उन्हें टीम से बाहर कर दिया जाता।

### रोहित का टेस्ट करियर समाप्त

रोहित शर्मा की बात करें तो ऑस्ट्रेलियाई दौरे पर खेले जाने वाले अंतिम सिडनी टेस्ट मैच से उन्होंने खुद को बाहर कर लिया था। जबकि उनकी जगह जसप्रीत बुमराह ने कप्तानी का भार संभाला था। रोहित शर्मा ने सिडनी टेस्ट के बीच इंटरव्यू में कहा था कि वह कहीं नहीं जा रहे हैं और संन्यास नहीं लेंगे। जबकि इसके बाद फिर रोहित रेड बॉल क्रिकेट भारत के लिए नहीं खेले और उनका टेस्ट करियर अब समाप्त हो चुका है। रोहित शर्मा के नाम 67 टेस्ट मैचों में 4301 रन दर्ज हैं।

# विदित गुजराती हुए उलटफेर का शिकार

**चेन्नई ग्रैंड मास्टर्स में कार्तिकेयन से मिली हार**

चेन्नई। भारत के विदित गुजराती को चेन्नई ग्रैंड मास्टर्स शतरंज टूनार्मेंट में उलटफेर का सामना करना पड़ा और ग्रैंडमास्टर एम कार्तिकेयन ने उन्हें सातवें दौर में कड़ी टक्कर देते हुए जीत दर्ज की। कार्तिकेयन ने काले मोहरों से खेलते हुए गुजराती पर जीत दर्ज की। वहीं, जर्मनी के ग्रैंडमास्टर विंसेंट कीमर ने खिताब की दौड़ में अपनी पकड़ मजबूत कर ली, जबकि कीमर ने अमेरिकी ग्रैंडमास्टर अवॉन्डर लियांग पर शानदार जीत की बदौलत बढ़त हासिल की। अर्जुन एरिगेसी को नीदरलैंड के स्टार अनीश गिरी ने ड्रॉ पर रोका। दो दौर बचे हैं। एरिगेसी अपनी अहम बाजी में गुजराती से भिड़ेंगे। मास्टर्स में अन्य मुकाबलों में ग्रैंडमास्टर निहाल सरीन ने ग्रैंडमास्टर रे रॉबसन को हराया जबकि ग्रैंडमास्टर जॉर्डन वैन फॉरेस्ट और ग्रैंडमास्टर वी प्रणव ने अंक बांटे। चैलेंजर्स में ग्रैंडमास्टर लियोन ल्यूक मेंडोंका ग्रैंडमास्टर दिप्तायन घोष को हराकर संयुक्त बढ़त बनाए हैं, जबकि एम प्रणेश ने भी ग्रैंडमास्टर आर वैशाली को हराकर शीर्ष पर अपनी जगह बनाए रखी। ग्रैंडमास्टर अभिमन्यु पुराणिक को ग्रैंडमास्टर आर्यन चोपड़ा ने ड्रॉ पर रोका। अन्य बाजियों में आईएम हर्षवर्धन जीबी ने ग्रैंडमास्टर हरिका द्रोणावल्ली को हराया और ग्रैंडमास्टर पा इनियान ने ग्रैंडमास्टर अधिबन भास्करन के साथ अंक बांटे।

# सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन तेंदुलकर ने प्राइवेट सेरेमनी में की सगाई

**मशहूर कारोबारी की पोती हैं सानिया चंदोक**



**मुंबई।** अर्जुन तेंदुलकर और सानिया चंदोक ने मुंबई में एक निजी समारोह में सगाई की घई परिवार मुंबई के बड़े कारोबारी घराने से है, जो इंटरकॉन्टिनेंटल होटल और ब्रूकलिन क्रीमरी के मालिक हैं क्रिकेट की दुनिया के ‘लिटिल मास्टर’ सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन तेंदुलकर ने मुंबई के मशहूर कारोबारी परिवार घई की पोती रुचिका सानिया चंदोक के साथ सगाई कर ली है। घई परिवार, जो मुंबई में इंटरकॉन्टिनेंटल होटल और ब्रुकलिन क्रीमरी जैसे बड़े कारोबारी उपक्रमों के मालिक हैं, अब तेंदुलकर परिवार के साथ रिश्तेदारी में बंध गया है।

### कौन हैं सानिया चंदोक?

रुचिका सानिया चंदोक, घई परिवार की उभरती हुई शख्सियत हैं, जिनके परिवार का कारोबारी साम्राज्य होटल, रेस्तरां और खाद्य उद्योग में फैला हुआ है। दूसरी ओर, अर्जुन तेंदुलकर, जो अपने पिता सचिन की तरह क्रिकेट की दुनिया में अपनी पहचान बनाने की कोशिश कर रहे हैं, इस सगाई के साथ सुर्खियों में हैं।

### अर्जुन तेंदुलकर का क्रिकेट करियर

24 सितंबर 1999 को मुंबई में जन्मे अर्जुन तेंदुलकर एक उभरते हुए क्रिकेटर हैं। वह बाएं हाथ के तेज गेंदबाज और निचले क्रम के बल्लेबाज हैं। अर्जुन ने अपने करियर की शुरूआत मुंबई के लिए घरेलू क्रिकेट में की और बाद में 2022 में गोवा की टीम में शामिल हो गए। उन्होंने जुलाई 2018 में श्रीलंका के खिलाफ भारत के लिए अंडर-19 डेब्यू किया था। आईपीएल में, अर्जुन मुंबई इंडियंस का हिस्सा हैं, जहां उन्होंने 2021 में अपनी शुरूआत की। अर्जुन ने आईपीएल 2023 में खेला था, जहां उन्होंने मुंबई इंडियंस के लिए कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मैच खेला, जिसने उन्हें और उनके पिता सचिन को आईपीएल इतिहास में पहला पिता-पुत्र जोड़ा बनाया। अर्जुन ने हाल ही में गोवा के लिए रणजी ट्रॉफी 2022/23 सीजन में राजस्थान के खिलाफ अपनी पहली प्रथम श्रेणी सेंचुरी भी बनाई थी।

# गुरुवार, 14 अगस्त राशिफल

राशि चक्र की पहली राशि मेष वालों के लिए आज गुरुवार का दिन बहुत ही शुभ और लाभदायक होगा। विशेष रूप से दिन का दूसरा भाग आज आपके लिए लाभदायक होगा। चंद्रमा का गोचर आज आपकी राशि में होने जा रहा है ऐसे में आपको अपने कार्यों में सफलता मिलेगी।

वृषभ राशि के लोगों के लिए आज का दिन बहुत ही अच्छा रहेगा। आपको आज शिक्षा और प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी। लव लाइफ के मामले में भी आज सितारे अनुकूल स्थिति को दर्शा रहे हैं। आपको आज पिता और पैतृक पक्ष से लाभ मिल सकता है।

मिथुन राशि के जातकों के लिए आज का दिन आर्थिक मामले में अनुकूल रहेगा। आपको आज अल्पकालिक निवेश का लाभ मिल सकता है। आप आज धन कमाने के लिए कोई जोखिम भरा निर्णय भी ले सकते हैं। नौकरी में आज काम का दबाव रहेगा।

कर्क राशि के जातकों के लिए आज गुरुवार का दिन बहुत ही अच्छा रहेगा। करियर के मामले में आपको आज अपने प्रयास का पूरा प्रतिफल मिलेगा। जो जातक नौकरी में बदलाव की सोच रहे हैं उनको आज प्रयास जरूर करना चाहिए।

सिह राशि के लोगों के लिए आज गुरुवार का दिन शुभ लाभदायक होगा। भाग्य भाव में चंद्रमा का संचार आज आपको अल्प प्रयास से ही बड़ा लाभ दिला सकता है। पारिवारिक जीवन मे आपको आज जीवनसाथी से पूर्ण सहयोग मिलेगा।

कन्या राशि के लोगों के लिए आज का दिन उतार-चढ़ाव भरा हो सकता है। राशि से अष्टम में बैठे चंद्रमा का मंगल के साथ बन रहा षडाष्टक योग आज आपको मानसिक तनाव और सेहत से संबंधित समस्या दे सकता है। आपके मन में आज उथल पुथल की स्थिति रहेगी।

तुला राशि के जातकों के लिए आज गुरुवार का दिन शुभ और सुखद रहेगा। आपको आज पारिवारिक जीवन में आपसी तालमेल और सहयोग का लाभ मिलेगा। नौकरी और कारोबार मे आज आपको अपनी मेहनत और कार्यकुशलता का फायदा मिलेगा।

वृश्चिक राशि के लोगों के लिए आज का दिन शुभ रहेगा। आप अपने काम में सफल होंगे और आपके लिए उन्नति के नए अवसर खुलेंगे। आपका स्वास्थ्य भी आज अनुकूल बना रहेगा जिससे आप सक्रिय होकर अपने काम पर ध्यान दे पाएंगे।

धनु राशि के लिए आज सितारे बताते हैं कि आपका दिन आज रोमांटिक बीतेगा। आपको आज अपने कार्यों का पूरा प्रतिफल और लाभ प्राप्त होगा। कहीं से आज अचानक ही लाभ मिलेगा। आपको आज पूर्व में किये गए निवेश का भी लाभ मिल सकता है।

मकर राशि के लोगों के लिए आज गुरुवार का दिन मिलाजुला रहेगा। सितारे कहते हैं कि आज आपको आज अपनी सेहत और दिनचर्या पर ध्यान देना होगा। आप सुस्ती और मानसिक तनाव महसूस कर सकते हैं।

कुंभ राशि के जातको के लिए आज गुरुवार का दिन शुभ फलदायी होगा। आपको कोई बड़ी चाहत पूरी होने से आपको आज खुशी मिलेगी। आपकी सेहत भी आज अच्छी रहेगी। मान सम्मान में वृद्धि का भी आपको आज लाभ मिलने वाला है।

मीन राशि के लोगों के लिए आज का दिन कुछ खचीर्ला अधिक रहने वाला है। आपको अपने काम के प्रति भी सजग और सावधान रहने की जरूरत है। काम के दबाव के कारण आपको थकान हो सकती है और आपका स्वास्थ्य भी प्रभावित हो सकता है।



डॉ. शिल्पा जैन
(एस्ट्रोलॉजर)
मो. 942560752

# जनकपुरी महोत्सव में प्रवेश रहेगा सुगम
## मिथिला नगरी में तेजी से होंगे विकास कार्य

एनएनआई

**आगरा।** कमला नगर में आयोजित होने वाले भव्य जनकपुरी महोत्सव में लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ेगी, लेकिन नगर निगम ने यह सुनिश्चित किया है कि जनकपुरी क्षेत्र में किसी भी दिशा से आने वाले भक्तों को प्रवेश में कोई परेशानी न हो। इसके लिए सड़क, सीवर, जलकल और विद्युत व्यवस्थाओं के तहत विकास कार्यों की श्रृंखला शुरू की जा रही है। बुधवार को नगर निगम कार्यकारिणी कक्ष में महापौर हेमलता दिवाकर की अध्यक्षता में, नगर आयुक्त अंकित खंडेलवाल के सानिध्य और जनकपुरी महोत्सव समिति के अध्यक्ष मुरारी प्रसाद अग्रवाल (एकता बिल्डर्स), महामंत्री पार्षद प्रदीप अग्रवाल तथा संयोजक पार्षद पंकज अग्रवाल के नेतृत्व में बैठक हुई। इसमें मिथिला नगरी के विभिन्न क्षेत्रों में होने वाले विकास कार्यों पर बिंदुवार चर्चा की गई। महामंत्री प्रदीप अग्रवाल ने बताया कि समिति ने नगर निगम से 46 निर्माण कार्य, लगभग 200-250 प्रकाश बिंदु, 20 स्थानों पर सीवर सुधार और नई पानी की पाइपलाइन की मांग की है। महापौर ने सभी कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने का आश्वासन दिया। अध्यक्ष मुरारी प्रसाद अग्रवाल ने बताया कि सभी अधिकारियों का सकारात्मक सहयोग मिल रहा है और बड़े नाले को पाटने जैसे महत्वपूर्ण कार्य भी किए जाएंगे। महापौर ने कहा कि प्रभु श्रीराम और सनातन धर्म के सम्मान में नगर निगम कोई कसर नहीं छोड़ेगा, सभी कार्य गुणवत्ता के साथ होंगे और वह स्वयं निगरानी करेंगी। 17 अगस्त को वे अधिकारियों के साथ मिथिला नगरी का निरीक्षण करेंगी। बैठक में अपर नगर आयुक्त शिशिर कुमार, समिति के संरक्षक राकेश कुमार मंगल, नरेंद्र कुमार बंसल, कोषाध्यक्ष राम रतन मित्तल, पार्षद पति पवन कुमार बंसल, पूर्व पार्षद हरीश शर्मा गुड्डू, पार्षद हरिओम गोयल बाबा, सुरक्षा प्रमुख शशांक तिवारी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



# शहीद अशफाक उल्ला खान की प्रतिमा की सफाई कर किया माल्यार्पण

एनएनआई

**आगरा।** स्वतंत्रता सेनानियों के सम्मान और उनके त्याग की स्मृति में भारतीय जनता पार्टी महानगर की ओर से विभिन्न मंडलों में महापुरुषों व शहीदों की प्रतिमाओं पर स्वच्छता अभियान और माल्यार्पण कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी क्रम में आगरा छावनी विधानसभा के रावली मंडल में माल रोड स्थित स्वतंत्रता सेनानी एवं शहीद अशफाक उल्ला खान की प्रतिमा पर स्वच्छता अभियान चलाया गया और पुष्पांजलि अर्पित की गई। मुख्य अतिथि एवं महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता ने कहा कि देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले स्वतंत्रता सेनानी सदैव वंदनीय हैं। हर घर तिरंगा अभियान के साथ-साथ उनका सम्मान करना और आने वाली पीढ़ियों को उनके शौर्य व बलिदान की गाथा से परिचित कराना हमारा कर्तव्य है। इस अवसर पर महानगर उपाध्यक्ष महेश शर्मा, मुनेंद्र जादोन, मंत्री वीरेंद्र श्रीवास्तव, अभिषेक गुप्ता, भुवन शर्मा, रोहित कत्याल, बॉबी लाले, श्याम सिंह चाहर, हाजी अल्ताफ हुसैन, मंडल अध्यक्ष विवेक लोधी, अर्जुन सिंह, पूर्व महामंत्री राघवेंद्र मुगदल, पार्षद जे.डी. सोनकर, एस. संतोष सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन मीडिया प्रभारी रोहित कत्याल ने किया।



# 'माई भारत' की कार्यशाला में विद्यार्थियों ने दिया जनजागरूकता का संदेश

एनएनआई

**आगरा।** गणेश रणनगर स्थित सरस्वती बालिका विद्या मंदिर, बलेश्वर में माई भारत (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार) द्वारा फ्लैगशिप आधारित एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम में जिला युवा अधिकारी डॉ. श्रवण कुमार सहगल ने विद्यार्थियों को डिजिटल इंडिया, आधार सेवा, आयुष्मान भारत, स्वच्छ भारत मिशन और जल जीवन मिशन जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। विद्यार्थियों ने स्ट्रीट प्ले के माध्यम से जनजागरूकता का संदेश प्रस्तुत किया। कार्यशाला के अंतर्गत क्विज, पोस्टर मेकिंग और लीफलेट प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं।

लीफलेट प्रतियोगिता में छवि सिंह, तनिशा गोयल और खुशी अग्रवाल ने स्थान प्राप्त किया। पोस्टर मेकिंग में राशी अग्रवाल और आदिति सक्सेना विजेता रहीं। क्विज प्रतियोगिता में पूर्वी मिश्रा, रजनी कुमारी, सोनम यादव, ईशा सिंह, अनुष्का यादव, हर्षिता दीक्षित और वैष्णवी ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। विद्यालय प्राचार्या चारु पटेल ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी से बच्चों का ज्ञान, कौशल और सामाजिक चेतना का विकास होता है। कार्यक्रम के अंत में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत पौधारोपण किया गया, जिसमें डॉ. सहगल, के.के. तिवारी, आशा शर्मा, अंकित स्वांतन और विद्यालय स्टाफ ने भाग लिया।



# जीएसटी अपीलेट ट्रिब्यूनल पर छह दिवसीय कार्यशाला शुरू, सीए को सिखाई रणनीतियां




एनएनआई

**आगरा।** द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया, आगरा शाखा में बुधवार को जीएसटी के नए अपीलेट ट्रिब्यूनल पर छह दिवसीय कार्यशाला की शुरूआत हुई। अध्यक्ष सीए गौरव सिंघल ने बताया कि यह देशभर में आयोजित छठी कार्यशाला है, जिसका उद्देश्य सीए को ट्रिब्यूनल में प्रभावी पैरवी की रणनीति सिखाना है। मुंबई से आए सीए मंदर तेलांग ने कहा कि ट्रिब्यूनल में तथ्यों को सही तरह प्रस्तुत करना बेहद आवश्यक है, क्योंकि बाद में हाईकोर्ट में केवल कानून के बिंदु पर ही अपील की जा सकती है। गोवा के सीए यतीश पाइवेरकर ने बताया कि कई मामलों में जीएसटी विभाग नियमों का पालन नहीं कर रहा, जिस पर हाईकोर्ट व्यापारियों के पक्ष में निर्णय दे रहा है, इसलिए गलत कार्यवाही को चुनौती दी जानी चाहिए। दिल्ली से आए सीए रोहित बासवानी ने कहा कि पंजीकरण रद्द होने पर पूर्व अवधि में विधिसम्मत रूप से प्राप्त इनपुट टैक्स क्रेडिट को अस्वीकार करना उचित नहीं है। ब्रजेश शर्मा ने बताया कि समन कोर्ट की कार्यवाही है, इसमें यूडीआईएन नंबर न हो तो वह वैध नहीं है। ट्रिब्यूनल में व्यापारी अपने पक्ष में गवाही भी करवा सकते हैं। कार्यक्रम में सचिव सीए अंकित मित्तल, उपाध्यक्ष सीए सौरभ नारायण सक्सेना, कोषाध्यक्ष करन पंजवानी, सिकासा अध्यक्ष सीए आयुष गोयल समेत कई सदस्य मौजूद रहे।

# दिव्यांगजन रोजगार मेले में 12 लाभार्थी चयनित

एनएनआई

**आगरा।** मिशन निदेशक कौशल विकास मिशन के निर्देशानुसार 6 से 13 अगस्त तक संचालित दिव्यांगजन रोजगार अभियान के तहत बुधवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, बल्केश्वर में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। यह मेला कौशल विकास मिशन, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान और क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ। मेले में 34 दिव्यांग लाभार्थियों ने प्रतिभाग किया, जिनमें से 12 का विभिन्न कंपनियों में चयन किया गया। रोजगार मेले में 4 सेवाप्रदाता कंपनियों ने हिस्सा लिया। जिला उद्योग केंद्र के माध्यम से प्रतिभागियों को मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान की विस्तृत जानकारी दी गई, ताकि वे स्वरोजगार से जुड़कर आत्मनिर्भर बन सकें। कार्यक्रम में जिला समन्वयक कौशल विकास मान सिंह भारती, प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान एत्मादपुर मोहित तिवारी, जिला सेवायोजन अधिकारी सौरभ, जिला प्रबंधक कौशल विकास डॉ. सुनील कुमार, अमित कुमार धाकरे तथा जिला कार्यक्रम प्रबंधक रविन्द्र सिंह तोमर उपस्थित रहे। अधिकारियों ने प्रतिभागियों को रोजगार व स्वरोजगार के अवसरों का लाभ उठाने, सरकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त करने और अपने कौशल के अनुरूप क्षेत्र चुनने के लिए प्रोत्साहित किया। यह मेला दिव्यांगजन को आर्थिक रूप से सशक्त और समाज की मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।



